नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2009/35020

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -16 ◆ अंक: 140 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, शनिवार 23 मार्च 2024

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in




पेज -4 पर

लेडी सिंघम भावना सिंह ने महज एक सप्ताह में कर्नाटक में छुपे हत्या के आरोपी को किया गिरफ्तार



पेज -8 पर

महिला मोर्चा ने की धरमजयगढ़ थाना प्रभारी से कई मुद्दों पर चर्चा ...




मनोकामना ज्योति कलश



651/- रुपये

कन्या छूट - 100/- रूपए

श्री-श्री सिद्ध शक्ति पीठ मां भगवती अंबेटिकरा मंदिर धरमजयगढ़

चैत्र नवरात्र 2024 (09 अप्रैल से 17 अप्रैल 2024 तक)

मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जावलित करने के लिए संपर्क करें :-

**धरमजयगढ़** -: मामू पान दुकान राजमहल गेट के पास 9977963676, शारदा फैंसी क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9424181141, हरिचरण अग्रवाल नीचेपारा 7415213137,अजय सायकल बस स्टैण्ड 9977082840, आनंद वस्त्रालय बस स्टैण्ड 9977531361, पंजाब आटो बस स्टैण्ड 9424181140, जयेश मेडिकल थाना के पास 982687777, गुड़िया होटल गांधी चौंक 7415559910, गोयल क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9303807845, सांई मंगलम बस स्टैण्ड 9406348000, गोल्डी मोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 9981746848,मधुबन इलेक्ट्रीकल-9827442299, जयजयराम तराईमार-9302283427, बंजारी आटोमोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 975438030, जिन्दल हार्डवेयर 9424181490, आशीर्वाद कलेक्सन पोस्ट ऑफिस के पास 8719994424, जितेन्द्र ठक्कर नीचेपारा 7415556685,आशीष विश्वास 9424181448, शिवहरी शर्मा नीचेपारा 9424181352, विजय शर्मा नीचेपारा 8982636327, माधोराम पटेल (शाहपुर) 881241652, गोविन्द साव शाहपुर 9300282757, शशि पटेल शाहपुर 8878311918, अशोक मिश्रा (शाहपुर) 8817194216, मनोज अग्रवाल 9826148026, ठंडा राम चौधरी वन मंडल 9907393129, जगदीश सरकार 7413213153, वीरेन्द्र शर्मा 8839524189, पवन अग्रवाल गेरसा 8815256691, किशोर बेहरा नवागांव 7987415660, राधेश्याम त्रिपाठी 8817241652, श्याम मेडिकल 8839663600, पुरूषोत्तम अग्रवाल जय स्तंभ चौंक 7999784287, दिकेश्वर राठिया कुदमुरा 8889583311, जयनारायण राठिया सिथरा 6261463670, दिनेश राठिया सरपंच लक्ष्मीपुर 7828085380, जानकी प्रसाद डनसेना जमरगी डी 9753320018, पुरूषोत्तम राठिया अमृतपुर 8305301737, शिवकुमार राठिया बायसी 6267434458, उत्तरा पटेल पुरूंगा 6265998353, किशोर राठिया रूपूंगा 6260994311, सुनिता ध्रुव जेलपारा, योगेश गोपाल (गोपाल बाबू) 9993318928, **बाकारुमा**-टीमन बारिक 7987884554, **महाराजगंज**- श्री खगेश्वर राठिया 934308162, **पत्थलगांव** -: अनिल अग्रवाल पेट्रोल पंप 9425573959, सुशील हार्डवेयर 9993149510, **रायगढ़** -: पुरूषोत्तम अग्रवाल (संजीवनी हास्पिटल) 9425251365, रविशंकर तिवारी (जिला न्यायालय) 9300974856, **घरघोड़ा** -: गंगाराम पैंकरा (वन विभाग) 9406220044, रितेश शर्मा जय स्तंभ चौक 7898793111, राधेश्याम राठिय छर्राटांगर 7610732424 **कोरबा** -: मनोज मित्तल (वेदांशा इंटरप्राइजेस) 9907511110, **खड़गांव** -: राजेन्द्र अग्रवाल 9826961495, **हाटी** -: गोकुल पान सेन्टर 9988176184, अरुण अग्रवाल (अग्रवाल कम्प्यूटर) 9993849678, रवि पटेल 7999315321 **कुड़ेकेला** -: विजय अग्रवाल (चौधरी) 9981375222, **छाल** -: एम.एस.ठाकुर 9926194495, रामकृष्ण तिवारी 9425537111 **खरसिया** -: नारायण प्रसाद चक्रधारी 9826183759, युगल वैष्ण अधिवक्ता 7000015881, नटवर अग्रवाल **तपकरा**-: प्रिति आटोमोबाइल्स 9424185996, **लैलूंगा**-: कुंजराम पैंकरा 8827771848, कृष अग्रवाल 9301185400, **कुड़ूमकेला**-: शिव सिंह सीएमपीडीआई 9098165311, **खम्हार**-: पिन्टू अग्रवाल अजय किराना 9098893900, **लुड़ेग**-: प्रेमसागर काडरो 9111469953, प्रेमसागर 930338981 **कोतबा**-: सुखसागर अग्रवाल (एलआईसी) 9424182919 **सीतापुर**:- निरंजन मिश्रा 7000494560, कार्तिक मानिकपुरी 9406022606

मनोकामना ज्योत का प्रसाद जहां से रसीद प्राप्त किए हैं वहीं से प्राप्त करें।


## एक नजर

### छत्तीसगढ़ में हवस की शिकार हुई मासूम

पड़ोसी युवक ने 6 साल की बच्ची के साथ किया दुष्कर्म





**कोरबा.** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले से 6 साल के मासूम के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है. पड़ोसी ने ही वारदात को अंजाम दिया है. यह मामला दर्री थाना क्षेत्र की है. इस घटना के बाद से लोगों में भारी आक्रोश है. पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. मिली जानकारी के मुताबिक, सहेली के साथ मासूम पड़ोसी के घर गई है, जहां पड़ोसी ने उनके साथ दुष्कर्म किया. मासूम रोते बिलखते घर पहुंची. घर वालों के पूछने पर घटना का पता चला. मासूम के परिजनों ने थाने में शिकायत की. इसके बाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया.

### होली को लेकर सीएम विष्णुदेव साय ने साझा किया वीडियो

### प्रदेशवासियों को दी फाल्गुन त्योहार की बधाई

**रायपुर।** रंगों के त्यौहार होली के उपलक्ष्य पर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर वीडियो लॉन्च किया है. उन्होंने लिखा कि पूरा होवत हे गारंटी हर बार, आगे-आगे खुशहाली के होली तिहार, जम्मो प्रदेशवासी ला होली के अब्बड़ अकन बधई अउ सुभकामना. वीडियो में भाजपा शासन द्वारा चुनाव पूर्व अपने संकल्प पत्र मोदी की गारंटी में किये गए महत्वपूर्ण वादों को पूरा होने की बात बताई गई है।

# शराब नीति केस में केजरीवाल 28 मार्च तक रिमांड पर

ईडी ने कोर्ट में कहा- लेन-देन का पता लगाना है, पूछताछ के बीच कटेगी होली

नई दिल्ली। दिल्ली शराब नीति केस में PMLA कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 28 मार्च तक 6 दिन की ED रिमांड पर भेज दिया। इससे पहले 3 घंटे सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा लिया था



केजरीवाल को शुक्रवार दोपहर 2 बजे राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। सुनवाई दोपहर 2.15 बजे शुरू होकर शाम 5.15 बजे तक चली थी। इसके कोर्ट ने 3 घंटे बाद रात 8.34 बजे फैसला सुनाया।

### ED ने 10 दिन की रिमांड मांगी थी

जांच एजेंसी ने कोर्ट में अपनी दलीलों में सीएम को इस मामले का मास्टरमाइंड बताया। ED ने कहा कि केजरीवाल दिल्ली शराब नीति को बनाने में सीधे तौर पर शामिल थे। केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि ED के पास सब कुछ है, तो गिरफ्तारी की जरूरत क्यों पड़ी? ED की तरफ से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल (ASG) राजू ने दलीलें दीं। वकील अभिषेक मनु सिंघवी, विक्रम चौधरी और रमेश गुप्ता ने अरविंद केजरीवाल का पक्ष रखा। इस बीच विपक्ष के नेताओं ने चुनाव आयोग से मुलाकात की। केजरीवाल को 21 मार्च को CM हाउस से गिरफ्तार किया गया था।

केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अन्ना हजारे का बड़ा बयान

## उनके अपने कर्मों के कारण हुई गिरफ्तारी- अन्ना हजारे

जिन सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे के आंदोलन में शामिल होकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल राष्ट्रीय परिदृश्य में आए थे, आज वहीं उनके विरोध में नजर आ रहे हैं. अन्ना हजारे ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को उनके अपने कर्मों का फल' बताया है। अन्ना हजारे ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के अहमदनगर में समाचार एजेंसी से चर्चा में कहा कि यह विश्वास करना कठिन है कि जो व्यक्ति कभी शराब के खिलाफ आवाज उठाता था, वह अब धन शोधन के लिए



शराब नीतियां ला रहा है. उन्होंने कहा, मैं इस बात से बहुत परेशान हूं कि अरविंद केजरीवाल, जो कभी मेरे साथ काम करते थे, शराब के खिलाफ आवाज उठाते थे, और अब शराब नीतियां बना रहे हैं. उनकी गिरफ्तारी उनके अपने कर्मों के कारण हुई है। अरविंद केजरीवाल कभी अन्ना हजारे के करीबी हुआ करते थे. 2011 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार के खिलाफ अन्ना आंदोलन में शामिल हुए थे. इसके बाद 2012 में अपनी खुद की राजनीतिक पार्टी बनाई और दिल्ली विधानसभा चुनाव में पहली बार उतरे थे. अन्ना आंदोलन में केजरीवाल के साथ रहे उनके साथ कुमार विश्वास, योगेंद्र यादव, किरण बेदी, आशुतोष, प्रशांत भूषण ने अलग राह पकड़ ली, वहीं मनीष सिसोदिया जैसे सहयोगी आज जेल में कैद हैं.

## रायपुर में केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध





**रायपुर।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का जगह-जगह विरोध किया जा रहा है। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को रायपुर में भी प्रदर्शन किया। आप नेताओं ने कहा कि, हम काले अंग्रेजों की हुकूमत के खिलाफ लड़ रहे हैं। इस पर मुख्यमंत्री साय ने कहा कि, जस करनी तस भरनी, जैसा उन्होंने किया है वैसा उन्हें भरना ही पड़ेगा। AAP कार्यकर्ताओं ने रायपुर के अंबेड़कर चौक पर केजरीवाल की रिहाई की मांग करते हुए जमकर नारेबाजी की। प्रदेश प्रवक्ता प्रियंका शुक्ला ने कहा कि, बीजेपी के अंदर बौखलाहट है और इंडिया गठबंधन के एक-एक नेता पर अटैक किया जा रहा है।

दिल्ली CM अरविंद केजरीवाल के गिरफ्तारी के विरोध में रायपुर के अंबेड़कर चौक पर आप कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन।

### गलत तरीके से लगातार हो रही कार्रवाई

AAP नेताओं ने कहा कि, हमारे बड़े नेताओं को टारगेट कर जेल भेजा जा रहा है। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से पहले सत्येंद्र जैन, डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और संजय सिंह को गिरफ्तार किया गया। राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को भी सदन से अलग कर दिया गया था और उन्हें न्यायालय जाना पड़ा था। अब लोकसभा चुनाव से ठीक पहले अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की गई है। प्रवक्ता प्रियंका शुक्ला ने कहा भाजपा के नेताओं पर केन्द्रीय एजेंसियां क्यों एक्शन नही लेती है। महिलाओं के यौन शोषण के आरोपी बृज भूषण को बेल मिल जाती है, लेकिन देश के अंदर शिक्षा, चिकित्सा का अच्छा मॉडल पेश करने वाले अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाता है।

## बृजमोहन अग्रवाल ने भारतीय जनता युवा मोर्चा की बैठक में कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**रायपुर।** हमारी भारतीय जनता पार्टी की बड़ी ताकत है युवा मोर्चा। प्रत्येक चुनाव में मोर्चा अहम भूमिका निभाता रहा है। इस बार भी भाजपा के युवा तुर्क अपना पराक्रम दिखाएंगे और नरेंद्र मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने के लिए रायपुर लोकसभा से भाजपा को प्रचंड जीत दिलाएंगे।





यह बात वरिष्ठ मंत्री और रायपुर लोकसभा प्रत्याशी श्री बृजमोहन अग्रवाल शुक्रवार को भाजयुमो रायपुर शहर जिला की बैठक के दौरान कही। बैठक का आयोजन भाजपा लोकसभा केंद्रीय चुनाव कार्यालय में किया गया था। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि, पहले के चुनाव बिजली, पानी, सड़क पर केंद्रित होते थे। लेकिन अब समय बदल गया है। अब विकसित भारत बनाने को लेकर चुनाव हो रहा है। भारत को विश्व गुरु और अखंड भारत बनाने के लिए चुनाव हो रहा है।

बसपा ने जारी की प्रत्याशियों की पहली सूची

## छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर पार्टी अकेले लड़ेगी चुनाव

**रायपुर।** बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) ने छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। बसपा की पहली सूची में 2 सीटों से प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की गई है। पार्टी की तरफ से जारी सूची के अनुसार एसटी आरक्षित बस्तर सीट से पार्टी ने आयतु राम मंडावी को मैदान में उतारा है।





वहीं एससी आरक्षित जांजगीर-चांपा सीट से डॉ. रोहित कुमार डहरिया को टिकट दिया गया है। बता दें कि इस बार बसपा और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (गोंगपा) के बीच गठबंधन की बात चल रही थी। दोनों पार्टी छत्तीसगढ़ में साथ मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ने की तैयारी में थे। पार्टी नेताओं के अनुसार गठबंधन नहीं हो पाया है। बसपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टंडन ने बताया कि पार्टी इस बार राज्य की सभी 11 सीटों पर अकेले ही चुनाव लड़ेगी।

## अधिसूचित विभागों के नोडल अधिकारियों की बैठक

**रायपुर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने आज लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत अधिसूचित अनिवार्य सेवाओं के राज्य स्तरीय विभागीय नोडल अधिकारियों की आयोजित बैठक में जानकारी दी कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य हेतु 10 सेवाओं को अनिवार्य सेवा के रूप में अधिसूचित किया गया है। इन 10 सेवाओं में स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, रेल परिवहन, डाक एवं टेलीग्राम विभाग, बीएसएनएल, आल इण्डिया रेडियो, दूरदर्शन, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, मीडियाकर्मी जिन्हें आयोग की अनुमति से प्राधिकार पत्र जारी



किये जाएंगे एवं भारतीय खाद्य निगम शामिल हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार अनिवार्य सेवा के रूप में अधिसूचित किए जाने से इन सेवाओं के ऐसे कर्मचारी, जो अपनी शासकीय ड्यूटी के कारण मतदान दिवस को मतदान केंद्र पर जाकर अपना वोट नहीं डाल पाते है।



छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट का बड़ा बयान,

# मैं खुद लूंगा शिकायतों का संज्ञान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट दो दिवसीय दौरे पर गुरुवार को रायपुर पहुंचे हैं। रायपुर से वे सीधे जांजगीर चांपा के लिए रवाना हो गए। जहां पर वे कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए और लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक ली। शुक्रवार को सचिन पायलट रायपुर आएंगे और रायपुर में भी कार्यकर्ता सम्मेलन के साथ साथ लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक लेंगे ।

### शिकायतों का मैं खुद संज्ञान लूंगा

राजनांदगांव लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व सीएम भूपेश बघेल के लिए लगातार



कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर नाराजगी सामने आ रही हैं । इस मामले में छग कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट का कहना है कि चुनाव के समय नाराजगी सामने आती हैं । पार्टी में अनुशासन से बाहर काम करने वाले और पार्टी के खिलाफ टिप्पणी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी। शिकायतों की बात है सभी का मैं खुद संज्ञान लूंगा ।

### चुनाव के पहले ही हमारे खाते फीज

इससे पहले रायपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से चर्चा करते हुए सचिन पायलट ने कहा कि केंद्र सरकार कांग्रेस को आर्थिक रुप से चुनाव लड़ने से रोकना चाहती है। इसलिए चुनाव के पहले ही हमारे खाते फ्रीज कर दिए हैं। हम चाह कर भी जनता के द्वारा दिए गए पैसे का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। लिहाजा इस मामले में निर्वाचन आयोग को संज्ञान लेना चाहिए। ताकि देश में निश्पक्ष चुनाव हो सके ।

### छत्तीसगढ़ में नारी-न्याय गारंटी के फॉर्म भरवाएगी कांग्रेस

लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी बड़ा दांव खेलने जा रही है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सभी 11 लोकसभा क्षेत्रों में महिलाओं से नारी न्याय गारंटी के फॉर्म भरवाएगी। कांग्रेस ने इस योजना के तहत महिलाओं को एक लाख रुपए सालाना देने का वादा किया है।

छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट ने रायपुर स्थित राजीव भवन में विभाग प्रमुखों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक ली। लोकसभा में मिलकर काम करने की अपील की है। लेटर बम और आरोप प्रत्यारोप के बीच रूठों को मनाने सीनियर नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है। घर-घर जाकर रूठे नेताओं को मनाया जाएगा। साथ ही पायलट ने कार्यकर्ताओं को पसंद का प्रचारक देने की भी बात कही है।

### कांग्रेस के 5 लोकसभा प्रत्याशियों के नामों पर मंथन

इस मामले में छग कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट का कहना है कि हर सीट पर कई दावेदार होते हैं। लेकिन टिकट सिर्फ एक ही को दिया जा सकता है । छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट के मुताबिक छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के 5 लोकसभा प्रत्याशियों के नामों पर मंथन और चर्चा और संवाद CEC में हो चुका है । अभी 6 सीटों के नाम घोषित कर दिए गए हैं। बहुत जल्द ही बाकी के नामों की घोषणा कर दी जाएगी। सचिन पायलट का दावा है कि इस बार अप्रत्याशित परिणाम आएंगे ।

# हालात: यह मृत्यु झकझोरती है...और समाज की चुप्पी परेशान करने वाली

जो बांग्लादेश बड़ी तेजी से कट्टरवाद की ओर झुकता चला गया है, जहां स्त्रियों की स्वतंत्रता और उदार चिंतन की जगह मश: सिकुड़ती गई है, और हाल के वर्षों में आर्थिक स्थिति बेहतर होने के कारण जहां उपभोक्त ावाद तेजी से बढ़ा है, वहां पिछले दिनों घरेलू काम करने वाली एक आदिवासी किशोरी प्रीति उरांव की संदेहास्पद मृत्यु ने लोगों का ध्यान खींचा है। दक्षिण एशिया में उरांव आदिवासियों की बड़ी आबादी रहती है। भारत में मुख्यत: झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और ओडिशा में इनका निवास है, तो बांग्लादेश में भी इनकी बड़ी संख्या है। वर्ष 2020 की आदमशुमारी के मुताबिक, बांग्लादेश में उरांव आदिवासियों की आबादी लगभग 2.45 लाख है।



> बांग्लादेश में घरों में काम करने वाली एक आदिवासी किशोरी की नौवीं मंजिल से गिरकर हुई मृत्यु स्तब्ध कर देने वाली है। यह हम कैसा समाज बना रहे हैं, जिसमें विपन्न समुदाय की एक किशोरी स्कूल जाने के बजाय घरों में काम करने जाती है, और वहां शोषण के बीच उसका ऐसा त्रासद अंत होता है!

मैं यहां उरांव आदिवासियों का इतिहास नहीं बताने जा रही। मैं इस समुदाय की एक लड़की प्रीति उरांव के बारे में बता रही हूं, जिसकी दर्दनाक कहानी ने एक बार फिर जहां गरीबों की असहायता को बताया है, वहीं यह त्रासदी आदिवासी समुदाय की विपन्नता को भी सामने लाती है। पंद्रह साल की प्रीति को स्कूल में होना चाहिए था। स्कूल न जाकर प्रीति लोगों के घर में काम क्यों करती थी? क्योंकि वह गरीब थी। उसके पिता एक चाय बागान में काम करते थे। लेकिन कम आय में गुजारा नहीं होता था, इसलिए प्रीति को लोगों के घर का कामकाज करने के लिए उसने ढाका भेज दिया था। दुनिया भर में ऐसे असंख्य मजबूर परिवार हैं, जो अपने बच्चों को काम करने के लिए भेज देते हैं। लेकिन प्रीति ढाका शहर के किसी आम घर में नहीं, चर्चित अंग्रेजी अखबार द डेली स्टार के एक संपादक के यहां काम करती थी, जिनकी स्वाभाविक ही बौद्धिक छवि थी। जो व्यक्ति अखबार में मानवाधिकार, स्त्री-पुरुष समान अधिकार और औरतों के साथ होनेवाली हिंसा के खिलाफ लिखता हो, जो हर तरह के शोषण के खिलाफ बात करता हो, उससे व्यवहारिक तौर पर भी स्त्रियों के साथ संवेदनशील व्यवहार करने की ही उम्मीद की जाती है। लेकिन पता चलता है कि उनके घर पर बाल श्रमिक काम करते थे। ऐसा क्यों था? अगर बौद्धिक लोग भी अपने घर पर बच्चों से काम कराएंगे, तो समाज किससे सीखेगा कि हर बच्चे को स्कूल जाने का अधिकार है? तथ्य यह है कि पिछले साल छह अगस्त को भी काम करने वाली एक किशोरी फिरदौसी नौवीं मंजिल स्थित उस व्यक्ति के फ्लैट से नीचे कूदकर गंभीर रूप से घायल हो गई थी। अपनी जान जोखिम में डालकर वह किशोरी उतनी ऊंचाई से क्यों कूदी थी? फ्लैट में क्या हुआ था? महीनों बाद प्रीति उरांव को भी फिरदौसी की तरह अपनी जान जोखिम में डालकर नीचे कूदना पड़ा। लेकिन वह फिरदौसी की तरह भाग्यशाली नहीं थी। नीचे गिरने के बाद वह मर गई।

सबसे स्तब्ध करने वाली बात यह है कि छह महीने पहले एक दुखद घटना घटने के बाद भी उस संपादक और उनके परिवारजनों ने कोई सबक नहीं लिया था। सिर्फ यही नहीं कि उनके यहां घरेलू कामगारों के शोषण का सिलसिला लगातार जारी रहा, बल्कि जिस खिड़की से फिरदौसी कूदी थी, उसमें ग्रिल लगाने या सुरक्षा की दूसरी व्यवस्था करने की जरूरत भी उस परिवार ने महसूस नहीं की। क्या उस परिवार को इसका अहसास नहीं था कि शोषण से तंग आकर काम करने वाली दूसरी लड़की भी जान बचाने के लिए कूद सकती है? या अपनी विशिष्ट पहचान या समाज में खास छवि के कारण उस परिवार को इसकी कोई परवाह नहीं थी?

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था कि प्रीति के शरीर पर जख्मों के निशान थे। कुछ लोगों का कहना है कि प्रीति की बुरी तरह पिटाई की गई होगी, यहां तक कि उसे मार डाला गया होगा, फिर ऊपर से लाश नीचे फेंक दी गई। जबकि कुछ लोगों का यह आकलन है कि भीषण पिटाई के बाद प्रीति ने जान बचाने के लिए ऊपर से छलांग लगा दी होगी। आश्वस्ति की बात यह है कि आरोपी की गिरफ्तारी हुई है। पुलिस ने इस मामले में उस घर के कुल छह लोगों को गिरफ्तार किया है। गौर करने वाली बात यह है कि काम करने वाली नौकरानियों पर अत्याचार करने के कारण आरोपी को इससे पहले भी गिरफ्तार किया गया था। लेकिन यह मामला बेहद गंभीर है। प्रीति उरांव की मृत्यु से बांग्लादेश में हलचल मच गई है, तो इसका कारण यही है।

पहाड़ी छात्रों का एक संगठन न सिर्फ प्रीति के मामले में न्याय की मांग करते हुए सड़क पर उतरा, बल्कि उसका यह भी कहना है कि प्रीति के पिता को दो लाख रुपये देकर आरोपी इस मामले को रफा-दफा करना चाहता है। यह एक और उदाहरण है कि समृद्ध लोगों को अपने अन्याय का कोई अहसास नहीं होता। इसके बजाय वे कुछ पैसे देकर गरीबों का मुंह बंद कर देने पर ज्यादा भरोसा करते हैं।

- तस्लीमा नसरीन

## संपादकीय

### शक्ति की असल शक्ति

मेरे लिए तो हर मां-बेटी शक्ति का रूप है। मैं इनको शक्ति के रूप में पूजता हूं और इनकी रक्षा के लिए जान की बाजी लगा दूंगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्षी इंडिया गठबंधन पर मुंबई की रैली में कहा। चुनाव में लड़ाई शक्ति के विनाशकों और शक्ति के उपासकों के बीच है और चार जून को स्पष्ट होने की बात भी की कि कौन शक्ति का विनाश करने वाला है और किसे शक्ति का आशीर्वाद प्राप्त है। दरअसल, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन के अवसर पर मुंबई में आयोजित रैली में कहा था, हिन्दू धर्म में शक्ति शब्द होता है। हम शक्ति से लड़ रहे हैं, एक शक्ति से लड़ रहे हैं। हालांकि राहुल ने अपने बयान के विवाद के बाद कहा कि प्रधानमंत्री ने उनकी बातों का अर्थ बदलने की कोशिश की। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया-मैंने गहरी सच्चाई बोली है। जिस शक्ति का मैंने उल्लेख किया, जिस शक्ति से हम लड़ रहे हैं, उस शक्ति का मुखौटा मोदी जी हैं। मोदी ने किसी का नाम न लेते हुए कहा, ये कहते हैं कि जिस शक्ति की मैं बात कर रहा हूं, उन्होंने उनका गला पकड़ कर उनको भाजपा की ओर किया है और वह सब डर गए हैं। जाहिर है, लोक सभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होते ही सभी राजनैतिक दल पूरी मशक्कत से जुट गए हैं। वे आरोपों-प्रत्यारोपों द्वारा, एक-दूसरे पर कीचड़ उछाल कर तथा निशाने लगा कर जनता को लुभाने के वही पुराने तरीके अपना रहे हैं जिनके बूते अपनी पार्टी के उम्मीदवारों को जितवाने की संभावनाएं प्रतीत हो रही हों। राहुल गांधी को अभी पिछले दिनों ही प्रधानमंत्री को अपशब्द कहने पर अदालत से चेतावनी मिल चुकी है।

# गर्मी से पहले ही प्यास से तरसने लगे शहर, भारत की सिलिकॉन वैली में हाहाकार



> दुनिया की लगभग 17 फीसदी आबादी वाले देश भारत के पास दुनिया के ताजा जल संसाधनों का मात्र चार फीसदी ही है।

**क**वि रहीम ने कहा है, रहिमन पानी राखिए बिन पानी सब सून। लेकिन गर्मी ने अभी ठीक से दस्तक भी नहीं दी है कि इस साल कई शहरों में जल संकट मंडराने लगा है। होली के रंगों से नहाए बिना ही, फागुन में रंगों की फुहारों से सराबोर हुए बिना ही सूखे के हालात का सामना पड़ गया। जल संकट की जो स्थिति मई-जून के महीनों में होती थी, वह मार्च में ही दिखने लगी है और अभी से ही कई शहरों में लोग पानी की किल्लत से जूझने लगे हैं। भारत का आईटी हब कहा जाना वाला बंगलूरू शहर इन दिनों हर रोज बीस करोड़ लीटर पानी की कमी झेल रहा है। बंगलूरू के अलावा देश में दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, भोपाल, कोलकाता, जयपुर, इंदौर जैसे अनेक शहर आज जल संकट की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने चेतावनी दी है कि अगर हैदराबाद ने जल्दी ही जल संरक्षण के लिए उचित कदम नहीं उठाए, तो पानी के मामले में उसका भी हाल सिलिकॉन वैली% बंगलूरू जैसा ही होगा। चेन्नई में वह समय अब भी सबको याद होगा, जब नल सूख गए थे, और पानी की कमी के चलते स्कूलों को बंद करना पड़ा था। जल स्रोतों की सुरक्षा के लिए पुलिस तैनात करनी पड़ी थी। हाल ही में नीति आयोग द्वारा जारी रिपोर्ट में भी यह बात स्वीकार की गई है कि भारत के कई शहरों में जल संकट गहराता जा रहा है, और आने वाले वक्त में उसके और विकराल रूप लेने के आसार हैं। रिपोर्ट के अनुसार, जहां वर्ष 2030 तक देश की लगभग 40 फीसदी आबादी के लिए जल उपलब्ध नहीं होगा, वहीं 2020 तक देश में 10 करोड़ से भी अधिक लोग गंभीर जल संकट का सामना करने के लिए मजबूर थे। नीति आयोग की समग्र जल प्रबंधन सूचकांक (कंपोजिट वाटर मैनेजमेंट इंडेक्स) रिपोर्ट के अनुसार, देश के 21 प्रमुख शहरों में लगभग 10 करोड़ लोग जल संकट की भीषण समस्या से जूझ रहे हैं। वास्तविकता यह भी है कि दुनिया की लगभग 17 फीसदी आबादी वाले देश भारत के पास दुनिया के ताजा जल संसाधनों का मात्र चार फीसदी ही है। भारत में लगभग 70 फीसदी सतही और ताजा जल के संसाधन सीवेज वेस्ट और कारखानों के अपशिष्ट से प्रदूषित हैं। वैश्विक जल गुणवत्ता सूचकांक में भारत 122 देशों में से 120वें स्थान पर है। भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्र (32.8 करोड़ हेक्टेयर) में से 69 फीसदी (22.8 करोड़ हेक्टेयर) क्षेत्र सूखाग्रस्त है। ये आंकड़े हमारे देश में जल संकट की गंभीरता को साफ-साफ बयान करते हैं। वर्ल्ड रिसोर्स इंस्टीट्यूट (डब्ल्यूआरआई) द्वारा जारी नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, देश में जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग की वजह से हो रहे बदलावों के कारण यदि पानी की मांग और आपूर्ति का संतुलन बिगड़ता है, तो उसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

दरअसल, जैसे-जैसे जलवायु परिवर्तन की पदचाप गहराती जा रही है, वैसे-वैसे वैश्विक तापमान (ग्लोबल वार्मिंग) बढ़ता जा रहा है। इसका असर मौसम के बदलते मिजाज के रूप में नजर आ रहा है। इसके चलते कहीं बारिश कम हो रही है, तो कहीं सर्दियों का मौसम अपेक्षाकृत गर्म हो रहा है। वर्ष 1975 से वर्ष 2000 के बीच जिस मात्रा और रफ्तार से हिमालय ग्लेशियर की बर्फ पिघल रही है, साल 2000 के बाद से वह मात्रा और रफ्तार दोगुनी हो गई है। वहीं दूसरी तरफ मौसम के इस बदलाव के कारण पहाड़ सर्दियों में बर्फ की चादर में लिपटने से वंचित हो रहे हैं। वैज्ञानिकों ने आशंका जताई है कि वर्ष 2100 आने तक हिमालय के 75 फीसदी ग्लेशियर पिघल कर खत्म हो जाएंगे। इससे हिमालय के नीचे वाले भू-भाग में रहने वाले आठ देशों के करीब 200 करोड़ लोगों को पानी की किल्लत और बाढ़ के खतरे का सामना करना पड़ सकता है। इन देशों में भारत, पाकिस्तान, भूटान, अफगानिस्तान, चीन, म्यांमार, नेपाल और बांग्लादेश शामिल हैं। इन पर्वत शृंखलाओं के ग्लेशियर पिघलने से दिल्ली, ढाका, कराची, कोलकाता और लाहौर जैसे पांच महानगरों को पानी की भारी किल्लत का सामना करना होगा।

– सीमा जावेद

## मिला जुला

### एक नजर

#### अब सुनाम में जहरीली शराब ने बरपाया कहर, पांच लोगों की जान गई, कई गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती



संगरूर के गांव गुज्जरां के बाद सुनाम में जहरीली शराब ने कहर बरपा दिया है। यहां पांच लोगों की मौत हो गई है और करीब एक दर्जन लोगों की हालत खराब है। जिन्हें विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि जहरीली शराब के जिस ब्रांड ने गुज्जरां में आठ जिंदगियों को लील लिया है, उसी ब्रांड की शराब ने सुनाम में कहर बरपाया है। मरने वालों में जखेपल निवासी ज्ञान सिंह के अलावा सुनाम टिब्बी रविदास पुरा निवासी लछा सिंह, गुरमीत सिंह, बुद्ध सिंह, लच्छा सिंह और दर्शन सिंह शामिल हैं। परमजीत सिंह, साड़ी सिंह, भोला सिंह, रविनाथ, बूटा सिंह, कर्मजीत सिंह, दर्शन सिंह, रफी नाथ, लछमन सिंह की हालत गंभीर है और उन्हें विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही डीएसपी मनदीप सिंह संधू अपनी टीमों के साथ टिब्बी रविदास पुरा बस्ती में पहुंचे। पुलिस ने चप्पे चप्पे की छानबीन की और इस दौरान उन्हें जहरीली शराब की कुछ बोतलें भी मिलीं हैं। इन बोतलों का ब्रांड, गुज्जरां में मिली शराब वाला ही बताया जा रहा है। डीएसपी मनदीप सिंह संधू ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। यहां काफी लोग बीमार हो गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीमें भी बस्ती में पहुंच गई हैं। इस दौरान मृतकों के परिजनों ने जहरीली शराब का धंधा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। मृतक गुरमीत सिंह के परिजनों ने कहा कि उन्हें योग्य मुआवजा व सरकारी नौकरी दें।

# सारी समस्या राहुल के अल्पज्ञान की है, कांग्रेस सूख कर कांटा हो गई; टैक्स विवाद पर भाजपा



**आयकर** विभाग की ओर से कांग्रेस के बैंक खाते फ्रीज किए जाने पर बहस तेज हो गई है। इस मामले पर राहुल, सोनिया और मल्लिकार्जुन खरगे ने सरकार पर खूब हमला बोला तो वहीं अब भाजपा ने भी जवाब दिया है। इस मामले में राहुल गांधी ने कहा था कि देश में अब लोकतंत्र नहीं बचा है। कांग्रेस के खाते बंद हो गए हैं। हम 2 रुपये भी खर्च नहीं कर पा रहे हैं। इसके बाद भी मीडिया, अदालत और संस्थाएं तमाशा देख रही हैं। पूरा ड्रामा हो रहा है। अब इसे लेकर भाजपा ने तीखा हमला बोला है। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि सारी समस्या राहुल गांधी के अल्पज्ञान की है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने जो प्रेस कॉन्फ्रेंस की है, यदि उसे एक लाइन में कहें तो उन्होंने हार की हताशा दिखाई है। कांग्रेस पार्टी सूख कर कांटा हो गई है। अब ये लोग देश के लोकतंत्र पर सवाल उठा रहे हैं। राहुल गांधी का कहना है कि कांग्रेस का खाता बंद होने का मतलब है कि देश का खाता बंद होना। यही वह सोच है, जो मानती थी कि इंदिरा इज इंडिया और इंडिया इज इंदिरा। रविशंकर प्रसाद ने कहा आज ये कह रहे हैं कि कांग्रेस का खाता बंद तो देश का खाता बंद। राहुल गांधी यह ध्यान रखें कि देश और उसका लोकतंत्र आपसे बड़ा है। इस तरह लोकतंत्र को शर्मसार नहीं करना चाहिए।

रविशंकर प्रसाद ने कहा कि इनकम टैक्स के सेक्शन 13 के तहत राजनीतिक दलों पर आयकर नहीं लगता। लेकिन पार्टियों को हर साल आईटीआर फाइल करनी होती है। यदि वे रिटर्न फाइल नहीं करते हैं तो फिर यह छूट खत्म हो जाती है। राहुल गांधी को अल्पज्ञान है, उनकी स्टडी हमेशा कमजोर रहती है। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि 6 जुलाई, 2021 को आयकर विभाग ने कांग्रेस को असेसमेंट ईयर 2018-19 के लिए नोटिस दिया। यही पूरी प्रक्रिया है, लेकिन कांग्रेस अफवाहें फैला रही है।

भाजपा नेता ने कहा कि राहुल गांधी ने आखिर सफेद झूठ क्यों बोला। आयकर विभाग सही था, तभी तो उनकी अपील हर जगह से खारिज हुई। उनकी ओर से दायर स्टे ऐप्लिकेशन को ITAT ने भी खारिज कर दिया। इसके बाद ये लोग हाई कोर्ट गए तो 13 मार्च को उच्च न्यायालय ने भी खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि यह मामला गलत ढंग से डील किया गया। कांग्रेस को जब 2021 में नोटिस मिला था तो कांग्रेस में उस समय क्या लोग सो रहे थे।

# क्या है रिफ्यूजी कन्वेंशन

## जिसके हवाले से केंद्र ने रोहिंग्या मुसलमानों को बसाने से मना कर दिया?

**अवैध** रोहिंग्याओं को वापस उनके देश म्यांमार भेजने की शुरुआत मणिपुर से हो चुकी है. साथ ही घुसपैठ कर चुके इन लोगों की पहचान भी हो रही है ताकि सबको डिटेंशन सेंटर से होते हुए वापस लौटाया जा सके. ये सब तब हो रहा है, जब हम सीएए के तहत 3 पड़ोसी देशों की 6 माइनोरिटीज को अपना नागरिक बनाने जा रहे हैं. इनमें मुस्लिम शामिल नहीं. इसी बीच सुप्रीम कोर्ट और सेंटर के बीच रोहिंग्याओं को शरणार्थी का दर्जा देने पर ठन गई.

### केंद्र ने क्यों दिया कोर्ट को जवाब

असल में कोर्ट में एक याचिका डाली गई, जिसमें रोहिंग्याओं के पक्ष में गुहार लगाते हुए कहा गया कि उन्हें डिटेंशन सेंटरों से आजाद कर दिया जाए. बता दें कि फॉरेनर्स एक्ट तोड़ने के आरोप में ये समुदाय सेंटरों में रखा गया है. इसी याचिका का जवाब देते हुए सेंटर ने साफ कर दिया कि अवैध ढंग से देश के भीतर आए लोग घुसपैठिए हैं, न कि शरणार्थी.

एक दलील और भी है. केंद्र ने कहा कि हमारे यहां खुद ही आबादी ज्यादा है, और रिसोर्स सीमित. ऐसे में अपने नागरिकों की देखभाल पहले जरूरी है. अगर और लोगों को नागरिकता या शरण दी जाए तो असल नागरिक प्रभावित होंगे.



### क्या देश में शरणार्थी नीति वाकई नहीं?

भारत हमेशा से ही अपने यहां ठौर लेने आने वालों के लिए उदार रहा. यहां रोहिंग्याओं समेत कई दूसरी नेशनेलिटी के लोग रह रहे हैं. हालांकि ये भी सच है कि उदारता के बाद भी हमने कोई औपचारिक रिफ्यूजी पॉलिसी नहीं रखी. असल में हमने रिफ्यूजी कंवेंशन और 1967 प्रोटोकॉल का हिस्सा नहीं. उसने यूनाइटेड नेशंस हाई कमिश्नर फॉर रिफ्यूजी (ह।।ष्टक्र) के इस दस्तावेजों पर रजामंदी नहीं दी. ये वो दस्तावेज हैं जो मानते हैं कि अगर किसी ने देश में शरण ली, तो उसे वापस वहां नहीं लौटाया जा सकता, जहां वो खुद को खतरे में मानता है.

### क्या है फॉरेनर्स एक्ट, जिससे उल्लंघन का आरोप इनपर

सरकार अगर ये आइडेंटिफाई कर ले कि फलां शख्स बगैर दस्तावेजों और इजाजत के देश के भीतर घुस आया है, तो फॉरेनर्स एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार किया जा सकता है. यहां तक कि दोष साबित होने पर 3 महीने से लेकर 8 साल की सजा भी हो सकती है. साथ ही उसे वापस उसके देश भेजने की कार्रवाई भी की जा सकती है. ये किसी भी देश के शरणार्थियों के मामले में लागू हो सकता है लेकिन सरकार तब तक एक्शन नहीं लेती, जब तक किसी के चलते मुश्किल न खड़ी हो जाए. शरणार्थी कंवेंशन पर हामी न भरने के बाद भी देश लगातार शरण देता रहा. साल 2020 में वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन ने एक ग्लोबल रिपोर्ट जारी की, जिसमें भारत को शरणार्थियों की टॉप पसंद बताया गया.

# पुलिस की हिरासत में पहुंची आतिशी और सौरभ भारद्वाज, केजरीवाल की गिरफ्तारी पर हो रहा विरोध प्रदर्शन



**दिल्ली** के सीएम अरविंद केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी की गिरफ्त में हैं। ऐसे में आम आदमी पार्टी के नेताओं ने देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है। इसी कड़ी में दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। ऐस में एक तरफ जहां सुप्रीम कोर्ट तक यह मामला पहुंच गया है। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली पुलिस ने दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज को हिरासत में ले लिया है। पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने के बाद सौरभ भारद्वाज ने कहा कि पूरी गुंडागर्दी है। अरविंद केजरीवाल को घरवालों को हाउस अरेस्ट किया गया है। उनकी मां एक दिन पहले अस्पताल से आईं थीं। उनके बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया है। घरवालों को किसी से मिलने नहीं दिया जा रहा है। शांतिपूर्ण तरीके से हो रहे विरोध प्रदर्शन को रोका जा रहा है। आईटीओ पर हम जा नहीं सकते। एक मिनट हुआ आईटीओ पर आए हुए, लेकिन पुलिस वाले हमें फेंक रहे हैं।

# बीआरएस नेता के. कविता को नहीं मिली राहत, सुप्रीम कोर्ट ने जमानत देने से किया इनकार



**दिल्ली** आबकारी नीति घोटाले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता और तेलंगाना के पूर्व सीएम के चंद्रशेखर राव की एमएलसी बेटी के. कविता को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली नहीं है। अदालत ने शुक्रवार को कविता को जमानत देने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कविता की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर एक नोटिस भी जारी किया है। अदालत का कहना है कि कविता निचली अदालत में जा सकती हैं या जमानत के लिए कोई और उपाय अपना सकती हैं। अगर जमानत याचिका दायर की जाती है तो उस पर तेजी से फैसला किया जा सकता है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने प्रोटोकॉल की अनदेखी नहीं करने का आदेश दिया। कहा कि सभी के लिए एक समान नीति का पालन करना होगा और जमानत के लिए सीधे सुप्रीम कोर्ट आने की अनुमति नहीं दी जा सकती है।

## अमानक खाद्य पदार्थ किए गये नष्ट, 8 व्यापारियों को जारी किया गया नोटिस

# होटलों, मिठाई प्रतिष्ठानों एवं किराना दुकानों का हुआ औचक निरीक्षण

**दंतेवाड़ा** । कार्यालय उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार आगामी होली त्यौहार एवं मेला मंडई के दृष्टिगत कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के आदेशानुसार एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के निर्देशन में आज जिले के विभिन्न स्थानों गीदम, दंतेवाड़ा, बचेली, किरंदुल, बारसूर, नकुलनार आदि क्षेत्रों के खाद्य परिसरों विभिन्न होटलों, मिठाई की दुकानों, किराना दुकानों, नमकीन नवनिर्माता व्यापारियों के यहां निरीक्षण किया गया, जिसके दौरान चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों से खाद्य सैंपल जैसे मिठाइयां, पनीर, दुध, दही, नमकीन, आटा, बेसन, मैदा, सूजी आदि का नमूना जांच हेतु लिया गया। समस्त मिठाई की दुकानों एवं किराना दुकानों तथा विभिन्न खाद्य







विनिर्माता प्रतिष्ठानों का निरीक्षण के दौरान खुली मिठाई के ट्रे पर निर्माण पर मनाही एवं एक्सपायरी तिथि अनिवार्यत: उल्लेख करने सभी को निर्देशित किया गया। साथ ही चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के द्वारा मिष्ठान प्रतिष्ठानो एवं मेला मंडई क्षेत्र से कुल 75 सैंपल विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से लिया गया और निरीक्षण एवं सैंपलिंग के दौरान जो भी खाद्य पदार्थ उपयोग के प्रतिकूल और अमानक मिला उसे तुरंत नष्ट करवाया गया। तथा संबंधित व्यापारी को नोटिस जारी करते हुए चेतावनी मे कहा गया कि गलती दोबारा पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही एवं लाइसेंस निलंबित किया जावेगा। इस प्रकार 08 व्यापारियों को नोटिस जारी कर सुधार हेतु निर्देशित किया गया। कुछ खाद्य प्रतिष्ठानों में जिनके पास खाद्य लाइसेंस नहीं थे अथवा एक्सपायर होना पाया गया। उन्हें भी नोटिस जारी कर आवेदन हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान नमूना परीक्षण हेतु ''बाबा होटल'' से मिल्क केक, ''पूनम होटल'' से केसर चाप, ''राजस्थान स्वीट्स'' से मिक्सर, ''दन्तेश्वरी होटल'' से बर्फी, ''देवभोग स्वीट्स'' से खोवा, ''अम्बे बिकानेर'' से नारियल लड्डू एवं ''नर नारायण होटल'' बचेली से छेना मुरकी एवं अन्य मिष्ठान प्रतिष्ठानों से रसगुल्ला, पेड़ा, मलाई पेड़ा, खोवा, बर्फी, बेसन लड्डू, कलाकंद, काजू कतली का नमूना परीक्षण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भी भेजा गया, जहां जांच उपरांत प्राप्त रिपोर्ट अनुसार नमूना जांच में यदि अमानक पाया जाएगा तो नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी एवं प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। इस संबंध में विभाग द्वारा उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि बाजार में बिकने वाले खुले व अमानक खाद्य सामग्री का उपयोग करने से बचें। मार्केट से कोई भी खाद्य पदार्थ खरीदने से पहले उसका लेबल जांच लें, खाद्य पदार्थ के निर्माण की तिथि एवं उपयोग की तिथि अवश्य देखकर खरीदें। ज्ञात हो कि आम जन मानस के स्वास्थ्यगत खाद्य सुरक्षा हेतु इस वित्तीय वर्ष में विभागीय कार्यवाही सतत् जारी रही है।

इस दौरान कुल 57 नमूने राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया। साथ ही चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला से कुल 616 नमूने संकलित किया गया। और अमानक पाये गये खाद्य पदार्थो में प्रकरण तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इस प्रकार कुल 20 खाद्य व्यापारियों पर 11 प्रकरण तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां न्यायालय द्वारा 7,82,000 रूपये अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। इस प्रकार कार्यवाही विभाग द्वारा भविष्य में भी जारी रहेगी।

## एक नजर

### उपडाकघर छोटेडोंगर का हुआ औपचारिक उद्धघाटन

**कोंडागांव।** भारतीय डाक विभाग द्वारा 22 मार्च को नारायणपुर जिले के छोटेडोंगर में संचालित शाखा डाकघर को उपडाकघर के रूप में औपचारिक शुभारंभ किया गया। उपडाकघर का शुभारंभ अधीक्षक डाकघर बस्तर संभाग आरपी वर्मा द्वारा फीता व केक काटकर की गई। सर्वप्रथम माँ सरस्वती के छायाचित्र के द्वीप प्रज्ज्वलित व फूलमाला अर्पित की गई। । इस मौके पर अधीक्षक डाकघर बस्तर संभाग श्री आरपी वर्मा ने कहा कि अब डाकघर से सम्बंधित किसी भी कार्य के लिए ग्रामीणों को नारायणपुर जाना नही पड़ेगा, अब पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट, बचत खाता परिपक्वता लाभ, किसान विकास पत्र, राष्ट्रीय बचत पत्र, पब्लिक प्रोविडेंट फंड इत्यादि सेवाएं भी छोटे डोंगर में उपलब्ध होगी। इस पर उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। अब उपडाकघर के रूप में सृजित करने पर आसपास के लोगो को अनेक सुविधाएं मिल सकेगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से सहायक अधीक्षक डीके जायसवाल, आरएस मिश्रा उपसंभागीय निरीक्षक डाक कोंडागांव 1, सुभाष भुआर्य उपसंभागीय निरीक्षक डाक कोंडागांव 2, सरपंच मांझी जी, ग्रमीण डाक सेवक व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।




### दंतेवाड़ा की ''मड़ई'' में बढ़ने लगी रौनक

सप्तम पालकी के साथ ''चीतरमार'' की रस्म आज

**दंतेवाड़ा** । लगभग 11 दिनों तक चलने वाली विश्व प्रसिद्ध फागुन मड़ई का आज सातवां दिन है। इस क्रम में आज सप्तम पालकी के साथ ''चीतलमार'' की रस्म संपन्न की जाएगी। परंपरा अनुसार हर दिन मां दंतेश्वरी की पालकी पूरे विधि विधान से नारायण मंदिर तक निकाली जाती है। ज्ञात हो कि माईजी की पालकी के साथ दुर वनांचल ग्रामों से आए स्थानीय ग्राम देवी-देवताओं के छत्र व लाट एवं देव विग्रहों की भी परिक्रमा करवाई जाती है। और नारायण मंदिर से विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात जब पालकी वापस आती है तब पून: मंदिर परिसर में पालकी के स्वागत की पारम्परिक तरीके से पूजा का विधान है। इस मौके पर दंतेवाड़ा जिले के अलग-अलग ग्रामों से नाचा दलों द्वारा बस्तर का पारंपरिक नृत्य करते हुए पालकी का स्वागत किया जाता है। इस प्रकार इस ऐतिहासिक फागुन मड़ई की सातवीं पालकी में ''चीतरमार'' की रस्म अदा करने की परंपरा है। ''चीतरमार'' का नृत्य का स्वांग रात्रि करीबन 3 बजे से शुरू होता है और इस नृत्य की प्रमुख विशेषता यह है कि चीतल के शिकार का नाट्य रूपान्तरण ढोल नगाड़ों, एवं लोक नृत्य गान के माध्यम से प्रदर्शित किया जाता हैं। जिसमें प्राय: चीतल का स्वांग स्थानीय समुदाय विशेष द्वारा रचाया जाता है। फागुन मड़ई के आठवें दिन अष्टमी पालकी के साथ ''गंवरमार'' की रस्म का आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि गंवरमार रस्म देखने के लिए अन्य दिनो की अपेक्षा सर्वाधिक भीड़ जुटती है।

लोकसभा निर्वाचन-2024

### कोलाहल अधिनियम के तहत जिले में ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर लगा प्रतिबंध

**दंतेवाड़ा** । लोकसभा निर्वाचन 2024 के शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से सम्पादन के लिए जिला दण्डाधिकारी दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी द्वारा छ.ग. कोलाहल अधिनियम 1985 की धारा 4 में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग के लिए प्रतिबंधित लगाया गया है। चुनाव प्रचार-प्रसार के लिए चलित वाहनों में ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमति लिया जाना अनिवार्य रहेगा। अनुमति मिलने पर भी ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग अधिकतम प्रात: 06 बजे से रात्रि 10 बजे तक ही किया जा सकेगा। सामान्यत: आम सभा, प्रचार, जुलूस के लिए लाउडस्पीकर का उपयोग हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमति लिया जाना अनिवार्य किया गया है। सक्षम प्राधिकारी से अनुमति मिलने उपरांत लाउड स्पीकर या ध्वनि विस्तारक यंत्र था अन्य ध्वनि उत्पन्न करने वाले यंत्र का उपयोग सार्वजनिक स्थलों पर किया जा रहा हो तो भी उसकी सीमा उस क्षेत्र के परिवेशीय ध्वनि पैमाने से 10 डी.बी. (ए) से अधिक नहीं होना चाहिए या 75 डी.बी. (ए) से अधिक नहीं अथवा इनमें से जो भी कम है. अधिक नहीं होना चाहिये। उपरोक्त नियम का उल्लंघन करने पर कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 15 की उपधारा (1) (2) के तहत कार्यवाही की जायेगी एवं धारा 16 के अंतर्गत ध्वनि विस्तारक यंत्र को अधिग्रहण किया जा सकेगा तथा इस संबंध में शासन द्वारा समय समय पर प्रसारित आदेशों, निर्देशों का पालन नहीं करने पर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

लोकसभा निर्वाचन 2024

### मतदान दिवस के दिन सवैतनिक अवकाश घोषित

**जगदलपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीत्तगढ़ राज्य में मतदान 03 चरणों में सम्पन्न कराया जाएगा, प्रथम चरण में 19 अप्रैल 2024 (शुक्रवार) द्वितीय चरण में 28 अप्रैल 2024 (शुक्रवार) एवं तृतीय चरण में 07 मई 2024 (मंगलवार) नियत की गई है।

लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु बहुत से मतदाता जो निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकानों औद्योगिक उपक्रम या कारोबार, व्यवसाय में नियोजित हैं ऐसे नियोजित, कार्यरत प्रत्येक कामगार को मतदान दिवस के दिन मताधिकार का उपयोग करने के लिए लोक प्रतिनिधित्व 1951 की धारा 135 ख के प्रावधानुसार संबंधितों को सवैतनिक अवकाश प्रदाय किया जाएगा।

लोकसभा निर्वाचन 2024

## निर्वाचन में धनबल एवं प्रलोभन के दुरुपयोग को रोकने हेतु सभी प्रवर्तन एजेंसीज बेहतर समन्वय के साथ करें काम- कलेक्टर

जिला स्तरीय इंटेलिजेंस कमेटी की बैठक में दिए निर्देश

**जगदलपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के.ने कहा है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत धनबल एवं अन्य प्रलोभन के दुरुपयोग को रोकने की दिशा में सभी प्रवर्तन एजेंसीज बेहतर समन्वय स्थापित कर दायित्व निर्वहन करें। जिससे मतदाता निर्भीक एवं निष्पक्ष होकर अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें और निर्वाचन प्रक्रिया को पूरी निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न किया जा सके। उक्त निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट के आस्था कक्ष में जिला स्तरीय इंटेलीजेंस कमेटी की बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने बैंक के अधिकारी को खातो में होने वाले डिपॉजिट की स्थिति का भी




निगरानी रखने के निर्देश दिए। जीएसटी विभाग के अधिकारी को निगरानी दल के माध्यम से गुड्स सर्विस के सामानों की आवाजाही की सतत निरीक्षण करने कहा गया।

जिले में बॉर्डर और आवागमन के साधन वाले मार्ग (रेल्वे, बस और वायु) का भी जांच करने कहा। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा ने निर्वाचन में धनबल एवं प्रलोभन के दुरुपयोग को रोकने हेतु प्रवर्तन एजेंसियों को सतर्कता के साथ काम करने पर बल देते हुए सूचना के आदान-प्रदान में तत्परता बरतने कहा। उन्होंने पोस्टल और कुरियर सर्विस सेवाओं केंद्र में भी आवश्यक निगरानी रखने पर जोर दिया। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण वर्मा, संयुक्त कलेक्टर ऋषिकेश तिवारी, परिवहन विभाग, आयकर विभाग, राज्य जीएसटी, आबकारी विभाग तथा परिवहन विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## एमएमडब्ल्यू यूनियन का महिला सशक्तिकरण दिवस पर कई कार्यक्रम खेल स्पर्धा के विजेताओं को किया पुरस्कृत

**किरंदुल** । मेटल माइंस वर्कर्स न यूनियन (इंटक) शाखा किरंदुल के तत्वावधान 5 में मातृशक्तियों के सशक्तिकरण एवं उत्साहवर्धन के लिए फुटबाल ग्राउंड किरंदुल में न महिला दिवस पर आनंद मेला और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह न कार्यक्रम अध्यक्ष विनोद कश्यप और सचिव क एके सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित की गई एक दिन पहले रस्सा खींच, खो-खो, 5 म्यूज़िकल चेयर, स्लो साइकिल रेस एवं 100 5 मीटर दौड़ स्पर्धा के विजेताओं को मुख्य अतिथि एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के न मुख्य महाप्रबंधक पदमनाभ नाइक, प्रेरणा महिला समिति की अध्यक्ष मृणालिनी नाईक ने न पुरस्कृत किया। इन खेलों का उद्देश्य न केवल शारीरिक दक्षता के साथ टीम वर्क और एसकेएमएस के सचिव अनुशासन का पालन करते हुए सर्वांगीण विकास करना था। जो कि इंटक यूनियन का मूल मंत्र है। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों महाप्रबंधक (उत्पादन) आर. राजाकुमार, महाप्रबंधक (विद्युत) एन. सुब्रमण्यन, महाप्रबंधक (माइंस) एस. के. कोचर, महाप्रबंधक (एम एंड एस) पी. प्रसाद, उप महाप्रबंधक (कार्मिक) बी. के. माधव, उप महाप्रबंधक (सिविल) टी. एस. रामनाथन, आर्सेलर मित्तल निप्पन स्टील इंडिया लिमिटेड के सीएसआर प्रमुख डॉ. तेजप्रकाश,एसकेएमएस के सचिव राजेश संधू, किरंदुल थाना प्रभारी पी के साहू, श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष आजाद सक्सेना, राजेंद्र सक्सेना, विप्लव मल्लिक आदि ने संयुक्त रूप से भारत माता एवं छत्तीसगढ़ी महतारी के तैल चित्र के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर की। एमएमडब्ल्यू यूनियन की सदस्य छाया वेलडन द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। माँ गायत्री ग्रामोत्थान सेवा समिति चोलनार द्वारा नशा मुक्ति पर लघु नाट्य एवं सामूहिक गीत की प्रस्तुति दी गई। लक्ष्मीता यादव एवं समूह द्वारा छत्तीसगढ़ की पारंपरिक लोक नृत्य की प्रस्तुति दी। प्रेरणा महिला समिति की अध्यक्ष मृणालिनी पदमनाभ नाईक ने उपस्थित समस्त मातृशक्तियों का उत्साहवर्धन किया।



## स्व. सुरेन्द्र यदु की तृतीय पुण्यतिथि पर 'नेवता भोजन ' का आयोजन

**कोंडागांव।** प्राथमिक शाला पुजारीपारा कमेला एवं प्राथमिक शाला कोटवारपारा बड़ेबेंदरी मे स्व. श्री सुरेन्द्र यदु जी की तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर बच्चों एवं परवासियोंको न्योता भोजन करवाया गया ! इस अवसर पर दिवंगत के पुत्र श्री सौरभ यदु, पुत्रवधू श्रीमती श्वेता यदु,पुत्र साकेत यदु, सचित यदु,अनमोल यदु, आयुष यदु,वरुण यदु, अदम्य यदु एवं पुत्री श्रेया यदु, जीविका यदु,पोता-पोती आरव यदु - जाहन्वी यदु के द्वारा वितरण किया गया द्य इस अवसर पर प्रधान अध्यापक श्री अमृत लाल देवांगन प्राथमिक शाला पुजारीपारा नन्दलाल पाण्डेय, कु. भागेश्वरी बघेल, सुमती पोयाम एवं प्रधान अध्यापक श्रीमती धनेश्वरी देवांगन, शिक्षिका श्रीमती डिग्लेश्वरी नेताम प्राथमिक शाला कोटवार पारा बड़ेबेंदरी एवं स्व सहायता समहू के सदस्य और शाला परिवार के सदस्य, विधार्थी व पारावासी उपस्तिथ रह कर कार्यक्रम को सफल बनाया।



प्राथमिक शाला जोन्दरापदर में विश्व जल दिवस

## जल की महत्ता बताने विश्व जल दिवस किया आयोजित

बच्चों ने पोस्टर बना दिया जलसंरक्षण का संदेश

**कोंडागांव।** विश्व मे गहराते जल संकट से सावधान करने बच्चों व आमजनों को जागरूक करने कोंडागांव जिले की प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर में 22 मार्च कोविश्व जल दिवस का आयोजन किया। lस्कूली बच्चों के बीच जल बचाने की आदतों विकसित करने प्रधान पाठक मधु तिवारी ने जल के महत्व से बच्चों को परिचित कराने के साथ जल स्रोतों के संरक्षण सवर्धन पर जोर दिया। भारत में 70त्न भाग में जल होने के बावजूद पीने योग्य केवल 3त्न पानी है पानी का आदर हमारे पूजा पद्धतियों में शामिल है बावजूद इसके भारत में जल संकट गहराता जा रहा है अत्यधिक जल दोहन वृक्षों की अंधाधुंध कटाई पर्यावरण प्रदूषण से जल संसाधनों में लगातार गिरावट देखी जा रही हैद्य बच्चों में जल बचाने की आदतों का विकास करना अत्यंत आवश्यक है lसयुंक्त राष्ट्र संघ ने विश्व जल दिवस 2024 की थींम शांती के लिये जल का उपयोग घोषित किया है lहोली त्यौहार पर जल बचाने सूखे हर्बल गुलाल रंगों से होली खेलने प्रेरित किया lविश्व जल दिवस पर बच्चों ने पानी बचाने का सन्देश देते पोस्टर बना जल बचाने का संदेश दिया।




### शांति के लिये जल के उपयोग पर आधारित विश्व जल दिवस मनाया



## भारत माता मॉडल स्कूल मे आज वार्षिक परिणाम की घोषणा की गई

**किरंदुल।** भारत माता महिला जागरण समिति किरंदुल द्वारा संचालित भारत माता मॉडल स्कूल के वार्षिक परिणाम की घोषणा आज की गई है आपको बता दे कि भारत माता मॉडल स्कूल एक ऐसे समय में संचालित हुआ था जब किरंदुल मे नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए किसी भी प्रकार की नर्सरी स्कूल संचालित नहीं थी भारत माता मॉडल स्कूल सन 1989 में प्रारंभ किया गया था 1989 एक ऐसा समय था जब किरंदुल शिक्षा के क्षेत्र में बहुत ही पीछे था नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए नर्सरी क्लास कहीं भी संचालित नहीं थी ऐसे समय में भारत माता मॉडल स्कूल का सपना लिए 7 महिलाओं ने आगे कदम बढ़ाया जिसमें 1 जय श्री श्रीनिवास 2 श्रीमती अंजलि नाग 3 श्रीमती कृष्णा नेताम 4 श्रीमती अंजलि ध्रुव 5 श्रीमती इला नेताम 6 श्रीमती गिरिजा ठाकुर इन्होंने स्कूल का सपना देखा और उसे आगे लेकर चलना प्रारंभ किया इस स्कूल में महिलाओं के लिए प्रौढ़ शिक्षा आरंभ किया गया जिसमें लगभग अब तक 2500 से अधिक महिलाओं ने इसका फायदा लिया और आज वह पढ़ लिखकर अपना जीवन यापन कर रही है भारत माता मॉडल स्कूल 1992 में 4 जगह पर अपनी संस्थाएं खोलकर लगभग 400 बच्चों को शिक्षा दे रही थी और 25 शिक्षक इस संस्था में कार्यरत थे जो बच्चों को शिक्षा देने का कार्य करते थे सुबह के समय बच्चों को शिक्षा दिया जाता था वहीं शाम को महिलाओं को शिक्षा दिया जाता थाइस तरह भारत माता महिला जागरण समिति द्वारा संचालित भारत माता मॉडल स्कूल अब 34 वर्ष पूर्ण कर शिक्षा के क्षेत्र में एक मिसाल बना हुआ है अब की स्थिति में कुछ परेशानियों की वजह से भारत माता मॉडल स्कूल इस वक्त 2 जगह संचालित है और अभी 12 शिक्षिकाएं इसमें अपनी सेवा प्रदान कर रही है वर्तमान में 120 बच्चे इसमें शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं भारत माता मॉडल स्कूल के द्वारा वर्ष में बच्चों एवं महिलाओं को विकास के लिए और खासकर बच्चों की सर्वांगीण विकास के लिए फैंसी ड्रेस योग कक्षाएं ड्राइंग और वार्षिक खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।



## सीएमएचओ डॉ.चंद्रवंशी ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण

जोहार छत्तीगसढ़-रायगढ़।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.वी.के.चंद्रवंशी ने आज किरोड़ीमल जिला चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सालय के मेल एवं फिमेल सर्जिकल वार्ड, बर्न वार्ड, कैजुअल्टी वार्ड, आई वार्ड तथा ओपीडी का निरीक्षण किया तथा दवाईयों के स्टॉक का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में रोगियों को किसी भी प्रकार से कोई परेशानी नहीं हो, अस्पताल में डॉक्टर और दवा सब कुछ समय पर उपलब्ध हों। उन्होंने वार्डो में भर्ती रोगियों से मिलकर उनके कुशलता पूछने के साथ ही अस्पताल में मिल रही सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने विभिन्न वार्डो में घूमकर साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था की जानकारी ली। सीएमएचओ डॉ.चंद्रवंशी ने कहा कि यहां भर्ती मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना है हमारा पहला कर्तव्य है। ऐसे में यदि कोई डॉक्टर, नर्सिंग ऑफिसर या अन्य कोई अधिकारी, कर्मचारी मरीजों के उपचार में लापरवाही बरतता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान प्रभारी सिविल सर्जन डॉ.दिनेश कुमार पटेल, जिला माइक्रोबायोलॉजिस्ट सुश्री ज्योति खरे, स्टूवर्ड रेशम लाल अधिकारी, फार्मासिस्ट एस.डी.महंत सहित जिला चिकित्सालय के अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे।



### होली पर्व के मद्देनजर मिठाई दुकानों का किया गया निरीक्षण

*होली त्यौहार को देखते हुए खाद्य एवं सुरक्षा विभाग अलर्ट हो गया है। जिसके मद्देनजर खाद्य एवं औषधि विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री मोहित बेहरा व श्री शाश्वत तिवारी की टीम द्वारा मिठाई दुकानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने किरोड़ीमल नगर में पूजा स्वीट्स, संदीप स्वीट्स, रायगढ़ के सिटी इलाकों में अलंकार, तुलसी, चावला जैसे दुकानों का निरीक्षण किया गया है। इस दौरान उन्होंने नमूने लेकर उनका सैंपल जांच के लिए लैब में भेज दिया है। जिससे उनकी गुणवत्ता की जांच की जा सके। जांच के बाद दोषी पाए जाने वाले दुकान संचालक के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।*

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, शनिवार 23 मार्च 2024

# लेडी सिंघम भावना सिंह ने महज एक सप्ताह में कर्नाटक में छुपे हत्या के आरोपी को किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़ – सारंगढ़।

दरसल सारंगढ़ सिटी कोतवाली का प्रभार लेते ही थाना प्रभारी भावना सिंह के सामने अंधे कत्ल का मामला सामने आ गया जो चुनौती पूर्व थी जिसे 15 मार्च को शहर के कोसाबाड़ी रानीसागर के सामने दिनदहाड़े दिन के लगभग 1बजे एक अज्ञात युवक ने शहर के युवा व्यपारी अभिषेक केशरवानी का चाकू से हमला कर के मौत के घाट उतार दिया।

और आरोपी वहां से फरार हो गया, सड़क किनारे अभिषेक तड़पता रहा पर किसी ने मदत नही की। लेकिन सारंगढ़ की तरफ से आ रहे एक एंबुलेंस के ड्राइवर सोनू वारे ने सड़क किनारे तड़प रहे व्यापारी को तुरंत अपने एंबुलेंस में बैठाया और नजदीक के निजी अस्पताल राधा कृष्ण में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने युवा व्यापारी को मृत्य घोषित कर दिया। घटना की जानकारी जैसे ही सारंगढ़ में फैली चारो तरफ अफरा तफरी मच गई। शहर के व्यापारी धीरे धीरे घटना स्थल पहुंचने लगे, और देखते ही देखते अस्पताल के सामने भिड़ लग गई। लोगो को समझ नही आ रहा

था की आखिर अभिषेक की हत्या क्यो और किसने की इधर थाना का प्रभार लेते ही भावना सिंह के पास एक बड़ी चुनौती थी,

की अंधे कत्ल की गुत्थी कैसे सुलझाया जाए।

## क्यों हुई सारंगढ़ के युवा व्यापारी की हत्या?

दरसल सारंगढ़ के युवा व्यापारी अभिषेक केशरवानी श्री राम जनरल स्टोर नामक दुकान चलाता था। बताया जाता है की अभिषेक काफी मजकिया अंदाज का आदमी था, लोगो से हस कर मिलना उसकी आदत थी, 6माह पूर्व उसकी मुलाकात

सारंगढ़ निवासी सुलोचना बरेठ से हुई जो किराए की मकान में निवासरत रहती थी दोनो के बीच बातचीत का सिलसिला बढ़ता गया और दोस्ती प्यार में बदल गई। दोनो छुप छुप कर मिलने लगे दोनो का प्यार परवान चढ़ने लगा, 15 मार्च को दोनो ने मिलने का स्थान सरसिंवा को चुना दोनो मिलकर बात चित कर रहे थे, तभी महिला का छोटा बेटा निखिल बरेठ ने

दोनो को देख लिया। दोनो को लेकर निखिल के मन में पहले से शक चल रहा था। और उस दिन उसका शक हक्तित में बदल गया।

गुस्से में आग बबूला होकर निखिल अपनी बाइक से तेज रफ्तार में सारंगढ़ पहुंचा। और बस स्टेंड में स्थित प्रियंका श्रृंगार

पहुंचा जहां उसने एक तेज धार वाली चाकू खरीदा और अभिषेक का रानीसागर के कोसाबाड़ी के पास इंतेजार करने लगा, जैसे ही





अभिषेक अपनी मोटर साइकिल से कोसाबाडी के पास पहुंचा निखिल ने उसे रोका अभिषेक ने पूछा क्या हुआ छोटू इधर इतना सुन गुस्से से निखिल ने अपने पॉकिट से चाकू निकाला और दो चाकू अभिषेक के पेट में मारा और एक चाकू उसके सीने और पीट में कुल आरोपी निखिल ने अभिषेक को 6 चाकू मारा जिसके बाद अभिषेक कोसाबाडी के..पास तड़पता रहा और लोगो मदत मांगता रहा। घटना को अंजाम देकर कैसे कर्नाटक भागा आरोपी निखिल बरेठ आरोपी निखिल बरेठ को बाइक राइडिंग बहुत पसंद थी और वो अपने बाइक से हमेशा घूमता फिरता रहता था। अपने मां के आशिक को मौत के घाट उतार कर निखिल अपने बाइक से रायपुर रवाना हो गया इधर रायपुर जाते जाते उसने अपना खून से सने हुए शर्ट को कनकबीरा के पुल के पास छुपा दिया। रायपुर पहुंच कर आरोपी युवक ने एक मोबाइल दुकान में पूछा क्या आई फोन ट्रेक होता है। दुकान दार ने कहा हां इतना सुन ट्रेन में बैठते ही निखिल ने अपने फोन के सिम को बाहर निकाल कर सिम और फोन को ट्रेन से नीचे फेंक दिया और पहुंच गया बैंगलूरू। आखिर लेडी सिंघम भावना और उसके टीम के हाथ कैसे पहुंचे आरोपी निखिल तक। घटना के बाद से ही थाना प्रभारी भावना ने अपने मुखबिर और सायबर टीम को आरोपी निखिल के ट्रेस और खोज पर लगा दिया। दो दिनों तक तो कोई सुराग नहीं लगा पर लेडी सिंघम ने हार नहीं माना और अपने 14साल के नौकरी तजुर्बा का इस्तेमाल करते हुए आरोपी निखिल का पता लगा ही लिया। जिसके बाद थाना प्रभारी भावना अपने टीम के साथ कर्नाटक के बैंगलूरू निखिल को गिरफ्तार करने निकल गई और आरोपी निखिल को बैंगलुरु को गिरफ्तार कर सारंगढ़ ले आई और न्यायिक रिमांड पर उसे जेल दाखिल कर दिया गया है।

# छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट का बड़ा बयान, कहा 'मैं खुद लूंगा शिकायतों का संज्ञान'



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट दो दिवसीय दौरे पर गुरुवार को रायपुर पहुंचे हैं। रायपुर से वे सीधे जांजगीर चांपा के लिए रवाना हो गए। जहां पर वे कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए और लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक ली। शुक्रवार को सचिन पायलट रायपुर आएंगे और रायपुर में भी कार्यकर्ता सम्मेलन के साथ साथ लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक लेंगे ।

## शिकायतों का मैं खुद संज्ञान लूंगा

राजनांदगांव लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व सीएम भूपेश बघेल के लिए लगातार कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर नाराजगी सामने आ रही हैं ।इस मामले में छग कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट का कहना है कि चुनाव के समय नाराजगी सामने आती हैं । पार्टी में अनुशासन से बाहर काम करने वाले और पार्टी के खिलाफ टिप्पणी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी। शिकायतों की बात है सभी का मैं खुद संज्ञान लूंगा ।

## कांग्रेस के 5 लोकसभा प्रत्याशियों के नामों पर मंथन

इस मामले में छग कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट का कहना है कि हर सीट पर कई दावेदार होते हैं। लेकिन टिकट सिर्फ एक ही को दिया जा सकता है । छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट के मुताबिक छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के 5 लोकसभा प्रत्याशियों के नामों पर मंथन और चर्चा और संवाद छ्श्श्ष्ट में हो चुका है । अभी 6 सीटों के नाम घोषित कर दिए गए हैं। बहुत जल्द ही बाकी के नामों की घोषणा कर दी जाएगी। सचिन पायलट का दावा है कि इस बार अप्रत्याशित परिणाम आएंगे ।

## चुनाव के पहले ही हमारे खाते फीज

इससे पहले रायपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से चर्चा करते हुए सचिन पायलट ने कहा कि केंद्र सरकार कांग्रेस को आर्थिक रुप से चुनाव लड़ने से रोकना चाहती है। इसलिए चुनाव के पहले ही हमारे खाते फ्रीज कर दिए हैं। हम चाह कर भी जनता के द्वारा दिए गए पैसे का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं।

# अवैध लकड़ी के भंडारण को ज़ब्त कर वन विभाग के सुपुर्दगी किया गया



**रायपुर।** कलेक्टर रायपुर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अभनपुर के मार्गदर्शन में तहसीलदार नवापारा द्वारा, ग्राम दुलना में आज रामशरण के ब्यारा में लगभग 800 – 900 अर्जुन और बंबूल लकड़ी के छोटे बड़े गोले जब्त किया कर वन विभाग नवापारा को सुपुर्द किया गया। इसके अलावा ग्राम तर्री के माखन आरा मिल के पीछे रिक्त स्थान में लगभग 200 अर्जुन, सिरसा और बंबूल लकड़ी के छोटे बड़े गोले जब्त कर वन विभाग नवापारा को सुपुर्द किया गया। गौररलब है कि विगत दिनों लगातार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को स्थानीय लोगो से शिकायत प्राप्त हो रही थी। शिकायत पर कार्यवाही करते हुए आज राजस्व अमला मौक़े पर पहुची थी। जाँच उपरांत पाया गया कि अवैध लकड़ियों का भंडारण किया गया है जिसपर तत्काल कार्यवाही किया गया।

## अपराध

### नाबालिग लड़की के अपहरणकर्ता को खरोरा पुलिस ने किया गिरफ्तार

आरोपी के कब्जे से अपहरण में इस्तेमाल मो.सा.CG 04 NF 2228 को किया गया जप्त

**खरोरा** दिनांक 22/03/2024 को रात्रि लगभग 01ः30 बजे ग्राम रसौटा के मकान से आरोपी दीपक कुर्रे पिता कमल कुर्रे उम्र–22 साल द्वारा नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाया गया. जिसकी शिकायत उसकी परिजनों ने खरोरा थाने मे की जिस पश्चात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के दिशा निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक(ग्रामीण) किर्तन राठौर के मार्गदर्शन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक (विधानसभा) केसरी नंदन रायपुर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी खरोरा सुरेंद्र श्रीवास्तव के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया व आरोपी को पकड़ा गया. जाँच मे पता चला की आरोपी द्वारा नाबालिक बच्ची को बहला फुसलाकर शादी का प्रलोभन देकर भगाकर ले जाया गया जिसके लिए उसने मोटर सायकल सीटी 100 क्रमांक CG 04 NF 2228 का इस्तेमाल किया था उसे भी जब्त किया गया. खरोरा पुलिस द्वारा दीपक कुर्रे पिता कमल कुर्रे उम्र 22 साल निवासी बजरंगभाठा थाना खरोरा जिला रायपुर के विरूध्द अपराध क्रमांक 197/24 धारा– 363,366 भा.द.वि. के तहत मामला दर्ज किया गया।

### युवक के सिर पर पत्थर पटक कर हत्या, आरोपी युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक युवक के सिर पर पत्थर पटक कर हत्या कर दी गई। हत्या के कारण का अभी खुलासा नहीं हुआ है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी नंदू यादव ने अपने दोस्त के सिर पर पत्थर पटक कर




उसकी हत्या कर दी। मृतक मुन्नी लाल सिंह (35) मध्य प्रदेश के शहडोल का रहने वाला है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी नंदू यादव को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या क्यों की इसका अभी खुलासा नहीं हुआ है। फिलहाल पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ कर रही है।

### फैक्ट्री कर्मचारी की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर** । राजधानी रायपुर में फैक्ट्री कर्मचारी की हत्या का मामला सामने आया है। सिर पर पत्थर मारकर आरोपी द्वारा वारदात को अंजाम दिया गया है। जानकारी के मुताबिक मृतक मध्यप्रदेश शहडोल का रहने वाला है। मृतक का नाम मुन्नी लाल सिंह 35 वर्ष बताया जा रहा है। पुलिस ने वारदात के दो घंटे भीतर आरोपी नंदू यादव को गिरफ्तार कर लिया। वारदात के बारे में पुलिस ने बताया कि आरोपी और मृतक दोनों दोस्त थे। निजी फैक्ट्री में दोनों काम करते थे। देर रात 11:30 बजे यह वारदात हुई है। सूचना पर धरसींवा थाना प्रभारी ने तत्काल संज्ञान लिया और आरोपी को चन्द घंटो के भीतर दबोच लिया है। हत्या की वजह क्या थी अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। आरोपी से पूछताछ जारी है। जिसके बाद ही हत्या की वजह सामने आएगी।

### महिला से मारपीट

**रायपुर।** केलकरपारा में उधार पैसे के लेन–देन को लेकर महिला से गाली–गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया प्रिति सागर 38 वर्ष सड्डू विधानसभा की रहने वाली है।

बताया जाता है कि आरोपी बादल भारद्वाज ने उधार पैसे के लेन–देन को लेकर प्रार्थिया से गाली–गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत

## होली पर हुड़दंग करने वालो पर सख्त कार्यवाही होंगी - श्रीवास्तव

**खरोरा।** होली पर्व कुछ दिन रह गए हैं। इसे देखते हुए डीएसपी विधानसभा, तहसीलदार, थाना प्रभारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने गुरुवार को शांति समिति की बैठक थाना परिसर मे ली। यह बैठक आगामी होलिका दहन व रंग पर्व पर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने पर चर्चा हुई. तहसीलदार बाबूलाल कुर्रे ने शांति समिति व बैठक में शामिल लोगों होली पर्व को पूर्ण रूप से शांति और सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। डीएसपी विधानसभा केसरी नंदन ने सभी को हेलमेट पहनने व सावधानी से वाहन चलाने व होलिका दहन सुरक्षित स्थानों पर करने व किसी भी प्रकार की फूहड़ता न करने, त्योहार के नाम से किसी को भी अनावश्यक रूप से परेशान न करने की अपील की साथ ही किसी भी व्यक्ति को जबरदस्ती रंग–गुलाल नहीं लगाने कहा। आपातकालीन स्थिति में होने पर पुलिस टीम या 112 की टीम को सूचित करने का सुझाव दिया। इसके साथ ही सभी नागरिकों को अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की।

# खुद को पत्रकार-वकील बताने वाला निकला चेन स्नैचर्स, लाखो के सामान सहित तीन आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में पिछले कुछ दिनों से लगातार चेन स्नैचिंग के मामले सामने आ रहे हैं। घटना को पुलिस ने गंभीरता से लिया और टीम गठित कर कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने मामले में एक अंतर्राजीय आरोपी सहित तीन को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से सोने के आभूषण और घटना में उपयोग किए गए वाहनों को भी जब्त किया है। आरोपियों ने घटना को अंजाम देने के लिए जिस प्लानिंग के तहत काम किया वह भी किसी सुपरहिट वेब सीरीज से कम नहीं थी।

बढ़ती चेन स्नैचिंग की घटनाओं को देखते हुए एसएसपी ने एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट और सिविल लाईन पुलिस थाना की एक विशेष टीम का गठन किया। टीम ने घटनाओं के बारे में पीड़ितों से पूछताछ की। साथ ही घटना स्थल का निरीक्षण किया और आस–पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। आरोपियों द्वारा उपयोग किए गए वाहनों के बारे में भी जानकारी ली गई। इसके अलावा हाल ही में रिहा हुए कुछ चेन स्नैचर्स की हरकतों पर नजर रख कर जांच की गई।

## ऐसे पकड़ाए आरोपी

कार्रवाई के दौरान ही घटना में संलिप्त आरोपी सर्वेश दुबे जो पहले भी चेन स्नैचिंग के मामले में जेल जा चुका है। पुलिस ने उसे संदेह के आधार पर फिर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर उसने अपने साथी कैलाश यादव और कृष्ण कुमार मेश्राम के साथ मिलकर चेन स्नैचिंग और चोरी की वारदात अंजाम देना स्वीकार किया। इसके बाद पुलिस की टीम ने कैलाश यादव और कृष्ण कुमार मेश्राम को भी धर दबोचा।

## इस तरह से देते थे वारदात को अंजाम

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि, तीनों गोबरानवापारा में रहते थे और योजना बनाकर चेन स्नेचिंग की घटनाओं को अंजाम देते थे। वारदात को अंजाम देने से पहले तीनों ने रायपुर के अलग–अलग जगहों से 3 दोपहिया वाहन चुराया था। गाड़ियों का नंबर प्लेट बदलकर वे रायपुर आते थे। खुद की पहचान छुपाने के लिए वे अपने चेहरे पर कपड़ा ढंक लेते थे और वारदात को अंजाम देकर लौट जाते थे। चेन को कृष्ण कुमार मेश्राम मुथुट गोल्ड लोन फायनेंस में गिरवी रखकर पैसे ले लेता था। बिना दस्तावेजों के सोने के चेन गिरवी रखने के कारण मुथुट गोल्ड लोन फायनेंस से भी पूछताछ की जा रही है।

## पहले भी जा चुके हैं जेल

आरोपी सर्वेश दुबे पहले भी रायपुर के थाना पंडरी, देवेन्द्र नगर, टिकरापारा, भोपाल (म.प्र.) के थाना हबीबगंज और गोविंदपुरा से लूट–चोरी के लगभग 6 मामलों में जेल जा चुका है। आरोपी कैलाश यादव पहले थाना गोबरानवापारा से चोरी, मारपीट, प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत जेल जा चुका है और आरोपी कृष्ण कुमार मेश्राम थाना गोबरानवापारा का हिस्ट्रीशीटर है जिसके खिलाफ थाना गोबरानवापारा में बलवा, चोरी, आगजनी, तोड़फोड़, मारपीट, शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाना, आर्म्स एक्ट, उद्यापन समेत लगभग 1 दर्जन अपराध दर्ज हैं, जिनमें वह जेल जा चुका है।

## आरोपियों के पास से चोरी का सामान बरामद

*तीनों आरोपियों के पास से कुल 5 सोने की चेन और 2 सोने की अंगूठी जिसकी कीमत 7,16,900/– रूपये और 3 बाइक पल्सर, एक्टिवा और एक्सेस जब्त किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में सर्वेश दुबे, पिता रामलाल दुबे उम्र 29 साल निवासी ग्राम दुगमा दुबांग पोस्ट मुदरिया थाना मउगंज जिला रींवा (म.प्र.)। कैलाश यादव पिता स्व. महेश यादव उम्र 21 साल निवासी बस स्टेण्ड रेलवे क्रासिंग यादवपारा थाना गोबरानवापारा रायपुर। कृष्ण कुमार मेश्राम पिता अशोक कुमार मेश्राम वार्ड नंबर 21 शीतलापारा थाना गोबरानवापारा रायपुर शामिल हैं।*

## नगर निगम जोन 9 ने संकल्प सोसायटी फेस - 2 लभान्डी में उल्टी

# दस्त की शिकायत पर त्वरित कार्यवाही कर प्रभावितों को जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया

### एक बोर को पानी दूषित होने की आशंका पर तत्काल बंद करवाया गया





**रायपुर** – विगत दिवस नगर निगम रायपुर के जोन क्रमांक 9 के पण्डित विद्याचरण शुक्ल वार्ड नम्बर 51 के क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत संकल्प सोसायटी फेस – 2 क्षेत्र में उल्टी – दस्त होने की शिकायत मिलते ही आज रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम जोन 9 एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने वहाँ तत्काल पहुंचकर निरीक्षण किया. स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा की गयी जाँच में 7 लोगों को उल्टी दस्त की शिकायत मिली, जिन्हे त्वरित उपचार हेतु तत्काल जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया. घरों एवं बोर, सम्पवेल के जल के नमूने लेकर फिल्टरप्लान्ट में नमूने भेजकर जाँच करवाई गयी. प्रारम्भिक जाँच में बोर का पानी दूषित होने की सम्भावना पर तत्काल एक बोर को बंद करवाया गया. सभी बोर में लिक्विड क्लोरीन जल विभाग की टीम ने डलवाया. सम्पवेल की सफाई करवाई. प्रतिदिन 5 पानी टेंकर सम्पवेल में डलवाने एवं 3 टैंकर पेयजल हेतु देने एवं वहाँ खडे रखने की व्यवस्था दी गयी है. आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा ने वहाँ पहुंचकर निरीक्षण किया एवं रोकथाम हेतु आवश्यक उपाय करने के निर्देश जोन 9 जोन कमिश्नर श्री संतोष पाण्डेय सहित सभी अधिकारियों को दिये हैं. मोबाइल मेडिकल यूनिट बुलवाकर वहाँ सभी लोगों की स्वास्थ्य जाँच कर उन्हें पानी को उबालकर पीने एवं पेयजल के रूप में पानी टेंकर का शुद्ध पेयजल का उपयोग करने की हिदायत दी गयी है. वहाँ ओआरएस पैकेटस एवं क्लोरीन गोलियां बाँटी गयी हैं. वहाँ 4 बिस्तरों का हेल्थ कण्ट्रोल रूम बनाया गया है। चुना पावडर, ब्लीचिंग पावडर का व्यापक रूप से छिड़काव करवाकर विशेष सफाई करवाई गयी है. स्थिति की निरन्तर मॉनिटरिंग की जा रही है.

नए सीएमओ के आते ही चला स्वच्छता अभियान

# सफाई अभियान सुचारु रूप से चले यह बड़ी चुनौती : सचिन

**खरोरा।** आरंग से खरोरा मे पदस्थ हुए नए मुख्य नगर पालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर के खरोरा आते ही नई शुरुआत की गई. उनके मार्गदर्शन मे स्वच्छ नगर स्वस्थ नगर का नारा दे नगर पंचायत एक अभियान के तहत साफ–सुथरा रखने नगर में सफाई अभियान चालू किया गया । इस अभियान के तहत नगर के वार्डो, नए बस स्टैंड व सुलभ शौचालय में जगह–जगह साफ– सफाई करा लोगों के स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया गया । मुख्य नगर पालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर ने बताया कि नगर में साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखा जायेगा और स्वच्छ नगर स्वस्थ नगर का नारा दे नगर पंचायत एक अभियान के तहत साफ–सुथरा रखने नगर में सफाई अभियान चलाएगी । इस अभियान के तहत नगर के वार्डों में जगह–जगह साफ–सफाई करा लोगों के स्वच्छता के प्रति प्रेरित भी किया जायेगा. नगर के मुख्य मार्गो मे डस्टबिन भी रखा जायेगा उसके साथ ही लंबे समय से बदहाल पड़े गार्डन का भी सौंदर्यकरण किया जायेगा.

मुख्य नगर पालिका अधिकारी आगे बताया कि नगर में साफ– सफाई को लेकर लोगों में जागरूकता आए इसी उद्देश्य को लेकर नगर पंचायत ने नगर में योजनाबद्ध तरीके से इससे प्रेरित होकर अप पन छेड़ा है ताकि लोग साफ–सफाई का ख्याल रख सकें और स्वच्छ नगर स्वस्थ नगर का निर्माण हो. वहीँ चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स उपाध्यक्ष सचिन अग्रवाल ने कहा की स्वच्छता अभियान की शुरुआत काबिले तारीफ हैँ और नगरवासी और चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स परिवार इसमें पूरी तरिके से इसमें सहयोग करेगा. वहीँमुख्य नगर पालिका अधिकारी ने इसकी जैसे शुरुआत की हैँ इसे इसी तरह आगे भी जारी रखना ही सबसे बड़ी चुनौती हैँ और इसके साथ ही नगर मे कई जगह लोग धूल से परेशान हैँ मुख्य नगर पालिका अधिकारी से मिल इस मामले पर भी उनका ध्यानाकर्षण् किया जायेगा।

## बॉक्स ऑफिस पर अजय देवगन की शैतान की कमाई दूसरे सप्ताह में भी जारी




क्वीन और मनमर्जियां जैसी सुपरहिट फिल्में दर्शकों के सामने पेश कर चुके निर्देशक विकास बहल आजकल अपनी फिल्म शैतान को लेकर चर्चा में हैं।हॉरर-सस्पेंस से भरपूर इस फिल्म का खुमार शुरुआत से दर्शकों के सिर चढ़कर बोल रहा है।इस फिल्म में अजय देवगन और आर माधवन आमने-सामने हैं। दोनों की बेहतरीन अदाकारी ने दर्शकों का दिल जीत लिया है।वीकेंड पर धुआंधार कमाई करने के बाद कामकाजी दिनों में यह बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक नोट छाप रही है। अब शैतान की कमाई के 12वें दिन के आंकड़े सामने आए हैं।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, दूसरे मंगलवार इस फिल्म ने 3 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 109.05 करोड़ रुपये हो गया है।



## रीम शेख को डर है कि कोई उनकी कॉफी के साथ छेड़छाड़ न कर दे

**स्ट्रीमिंग शो रायसिंघानी वर्सेज रायसिंघानी में अंकिता रस्तोगी की भूमिका में नजर आने वाली एक्ट्रेस रीम शेख ने अपने बारे में एक खास बात शेयर की। एक्ट्रेस शो में एक तेज-तर्रार वकील का किरदार निभा रही हैं। उन्होंने बताया कि वह उन लोगों की कॉफी के साथ छेड़छाड़ करती हैं, जिन्हें वह पसंद नहीं करती। एक्ट्रेस एक कॉफी लवर हैं, उन्हें इस बात का डर है कि कहीं लोग उनकी कॉफी के साथ भी छेड़छाड़ न कर दें।**

रीम के मुताबिक, अंकिता का किरदार निभाना मजेदार है, वह स्मार्ट, मजबूत और स्वतंत्र है, जिसे जेनजेड पसंद करेगा। उसकी एक आदत है, जिस पर मुझे गुस्सा आता है, जो अपनी बात रखने का एक रचनात्मक तरीका है। वह कहती है कि कॉफी लवर होने के नाते मुझे इस बात से डर लगता है कि जैसे मैं लोगों की कॉफी से छेड़छाड़ करती हूं, कहीं मेरी कॉफी के साथ भी ऐसा न हो जाए।

उन्होंने आगे कहा, कहानी में एक मजेदार मोड़ आता है, जब मैं और मेरे दोस्त कॉफी से छेड़छाड़ के तरीके को एक मजाक में बदल देते हैं। यह सब बहुत मजेदार होता है और हम इस पर हंसे बिना नहीं रह सकते। हालांकि, मुझे लगता है कि मेरे दोस्त भी थोड़े डरे हुए हैं, वे अंकिता की रणनीति से अवगत हैं और वे जानते हैं कि मैं चुनौती से पीछे हटने वालों में से नहीं हूं। रायसिंघानी वर्सेज रायसिंघानी सोनी लिव पर स्ट्रीम हो रहा है।

## तमन्ना भाटिया ने पिंक स्टायलिश गाउन में बिखेरा जलवा

### एक्ट्रेस की खूबसूरती ने यूजर्स को बनाया दीवाना


**बॉलीवुड से लेकर साउथ इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान बना चुकीं एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया वाकई में एक स्टाइल क्वीन हैं। वह जो कुछ भी करती हैं या पहनती हैं उसे चर्चा का विषय बनने में देर नहीं लगती।**

अपनी खूबसूरती और हॉटनेस के लिए मशहूर अदाकारा तमन्ना भाटिया फिल्मों के साथ साथ सोशल मीडिया पर भी काफी लोकप्रिय हैं. आए दिन एक्ट्रेस अपने सिजलिं अवतार से फैंस के होश उड़ाती रहती हैं. हाल ही में एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर हॉट तस्वीरें शेयर की हैं, जिसे देखने के बाद फैंस का दिल धक-धक करने लगा है और वे दीवाने हो उठे हैं. तमन्ना भाटिया ने पिंक कलर का स्टायलिश गाउन पहना है. लाइट मेकअप और खुले बालों के साथ वे कैमरे के सामने सेक्सी पोज दे रही हैं. एक्ट्रेस की इस पोस्ट ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है.

आपको बता दें कि, एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया अक्सर अपने ग्लैमरस लुक से सुर्खियों में बनी रहती हैं। तम्न्ना पर वेस्टर्न से लेकर ट्रेडिशनल हर तरह की ड्रेस सूट करती है।

तमन्ना भाटिया का बिंदास व्यक्तित्व इस स्पष्ट तस्वीर को और अधिक लुभावना बनाता है क्योंकि वह आकर्षक लग रही है।

तमन्ना हमेशा अपने प्रशंसकों को विभिन्न प्रकार के लुक से आश्चर्यचकित करने में सफल रहती हैं.



## मनोज बाजपेयी की भैया जी का टीजर जारी; बोले- अब निवेदन नहीं, नरसंहार होगा




बॉलीवुड एक्टर मनोज बाजपेयी की आने वाली फिल्म भईया जी का टीजर रिलीज हो गया है. फिल्म में मनोज बाजपेयी का लुक और रोल दोनों ही आपको फिल्म देखने पर मजबूर कर देगा. फिल्म भईया जी का टीजर देखकर आपको ऐसा लगेगा कि ये किसी बदले की कहानी है और मनोज बाजपेयी का एक दमदार किरदार है. फिल्म का टीजर एक्टर ने भी शेयर किया है.

मनोज बाजपेयी की फिल्म एक बंदा काफी है के मेकर्स ने फिल्म भईया जी बनाई है. एक बंदा काफी है ने ओटीटी पर धमाल मचा दिया था लेकिन फिल्म भईया जी सिनेमाघरों में 24 मई को रिलीज होगी.

फिल्म के टीजर में मनोज बाजपेयी के किरदार भैया जी के आतंक को दिखाया गया है. इस आतंक को कुछ ऐसा दिखाया गया कि लोग उनसे भागते नजर आए. इस टीजर का टैगलाइन अब निवेदन नहीं, नरसंहार होगा है. इसी के साथ भैया जी का टीजर रिलीज किया गया है.

अपने किरदार के बारे में मनोज बाजपेयी ने कुछ खास बातें शेयर की है. उन्होंने कहा, भैया जी को एक ऐसा किरदार निभाना था जिसे दर्शक आसानी से नहीं भूल सकते, खासकर तब जब भैया जी इंडस्ट्री में मेरी 100वीं फिल्म है और मुझे खुशी है कि मुझे अपनी बंदा टीम के साथ ऐसा करने का मौका मिला. हमने किरदार और फिल्म बनाने के हर पल का आनंद लिया है.

## लव सेक्स और धोखा 2 का नया मोशन पोस्टर हुआ रिलीज, दिखेगा डिजिटल वर्ल्ड का प्यार




एकता कपूर की फिल्म लव सेक्स एंड धोखा आज भी अपने अनोखे कॉन्टेंट के कारण सुर्खियों में रहती है। इसलिए जबसे मेकर्स ने इसके सीक्वल यानी लव सेक्स एंड धोखा 2 का ऐलान किया है, तब से लोग फिल्म के नए कांसेप्ट से जुड़े रहने के लिए मजबूर हो रहे हैं। जहां लव सेक्स और धोखा ने कैमरा के ज़माने ने प्यार को रोशनी में लाया था, वहीं सीक्वल एक बिल्कुल नए कांसेप्ट के साथ आ रहा है - डिजिटलाइज्ड दुनिया में प्यार।

लव सेक्स एंड धोखा 2 का मोशन पोस्टर ने इंटरनेट के युग में प्यार और उसकी मौजूदगी की एक झलक दी है। ऐसे में अब मेकर्स एक और दिलचस्प मोशन पोस्टर लेकर आए हैं। यह पोस्टर हमें असली दुनिया और डिजिटलाइज्ड दुनिया में प्यार के अंतर को दिखा रहा है।

## उर्वशी रौतेला की फिल्म जेएनयू का पहला पोस्टर जारी, रिलीज तारीख से भी उठा पर्दा



बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म जेएनयू को लेकर खबरों का हिस्सा बनी हुई हैं। इस फिल्म के जरिए वह लंबे समय बाद पर्दे पर वापसी कर रही हैं।दिग्गज अभिनेता रवि किशन भी इस फिल्म में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। टीवी की लोकप्रिय अभिनेत्री रश्मि देसाई भी फिल्म का हिस्सा हैं।अब जेएनयू का पहला पोस्टर जारी कर दिया है। इसके साथ निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज तारीख से भी पर्दा उठा दिया है।

पोस्टर की बात करें तो इसपर भगवा रंग का भारत का नक्शा देखने को मिल रहा है, जिसे एक हाथ जकड़े हुए है. पोस्टर पर लिखा है, क्या एक एजुकेशनल यूनिवर्सिटी देश को तोड़ सकती है वहीं पोस्टर के नीचे कई सारे हाथ नजर आ रहे हैं. कुछ लोगों ने हाथ में भगवा झंडा पकड़ा हुआ है, जिसपर जय श्री राम लिखा हुआ नजर आ रहा है.

जेएनयू के निर्देशन की कमान विनय शर्मा ने संभाली है तो वहीं प्रतिमा दत्ता फिल्म की निर्माता हैं।यह फिल्म 5 अप्रैल, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। जेएनयू में पीयूष मिश्रा, विजय राज, अतुल पांडे और सोनाली सेगल जैसे सितारे भी अभिनय करते दिखाई देंगे। जेएनयू के अलावा उर्वशी एनबीके109 , दिल है ग्रे और ब्लैक रोज जैसी फिल्मों में नजर आएंगी। इन फिल्मों का भी दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

सोशल मीडिया पर फिल्म ये पोस्टर तेजी से वायरल हो रहा है. एक्ट्रेस के इस पोस्ट पर कमेंट्स की बाढ़ आ गई है.

# खेल



### IPL की वजह से फर्स्ट-क्लास क्रिकेट ठुकरा रहे प्लेयर्स

## 165 भारतीय खिलाड़ियों में से 56 ने सीजन का कोई मुकाबला नहीं खेला

**इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के मुताबिक, IPL 2024 में हिस्सा लेने वाले 165 भारतीय क्रिकेटरों में से 56 प्लेयर्स ने रणजी ट्रॉफी में इस सीजन एक भी मैच नहीं खेला है। जबकि, 25 प्लेयर्स ने एक से ज्यादा मैच नहीं खेला। इसमें भारत के कई बड़े खिलाड़ी भी शामिल हैं। मुंबई इंडियंस के नए कप्तान हार्दिक पंड्या और उनके भाई लखनऊ सुपरजायंट्स (LSG) के ऑलराउंडर क्रुणाल पंड्या कुछ समय से रणजी में बड़ौदा के लिए नहीं खेले हैं। हार्दिक ने आखिरी बार घरेलू टूर्नामेंट 2018 में खेला था।**

बड़ौदा क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अजीत लेले ने कहा, पंड्या ब्रदर्स ने हमें इसका कारण नहीं बताया है। जब वे उपलब्ध होते हैं तो वे कोच या एसोसिएशन प्रेसिडेंट से संपर्क करते हैं, लेकिन उन्होंने पिछले कुछ समय से रणजी नहीं खेला है। क्रुणाल ने इस सीजन में बड़ौदा के लिए वाइट बॉल क्रिकेट खेला और हार्दिक चोट से उबर रहे थे।

### ईशान किशन ने रणजी से दूरी बनाई

भारत के हेड कोच राहुल द्रविड़ ने कहा था कि झारखंड के ईशान किशन को भारत के लिए वापसी करने के लिए रणजी में खेलना चाहिए। हालांकि, झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सहाय ने कहा, उन्होंने कभी भी खुद को रणजी के लिए उपलब्ध नहीं रखा। हमें कोच, सिलेक्टर्स या BCCI से कोई दिशानिर्देश नहीं मिले हैं।

ईशान किशन ने दिसंबर-2023 में साउथ अफ्रीका दौरे से अपना नाम वापस ले लिया था। तब से वे नेशनल और रणजी टीम सिलेक्शन के लिए उप्लब्ध नहीं रहे। ईशान किशन ने दिसंबर-2023 में साउथ अफ्रीका दौरे से अपना नाम वापस ले लिया था। तब से वे नेशनल और रणजी टीम सिलेक्शन के लिए उप्लब्ध नहीं रहे।



### BCCI ने दी थी प्लेयर्स को चेतावनी

*पिछले महीने, BCCI ने भारतीय खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट के ऊपर IPL को प्राथमिकता देने के लिए वॉर्निंग दी थी। इस सीजन रणजी ट्रॉफी मैच न खेलने के कारण श्रेयस अय्यर और ईशान किशन सैंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर भी होना पड़ा। BCCI सचिव जय शाह ने कहा था, हाल ही में एक कुछ ऐसी चीजें सामने आई है, जो चिंता की वजह है। कुछ खिलाड़ियों ने डोमेस्टिक क्रिकेट पर IPL को प्राथमिकता देना शुरू कर दिया है। यह एक ऐसा बदलाव है जिसकी उम्मीद नहीं थी।*

## एक नजर

### लखनऊ में अपनी आईपीएल टीम से जुड़े केएल राहुल

**नई दिल्ली** । आईपीएल शुक्रवार से शुरू हो रहा है। सभी टीमें मुकाबले के लिए तैयार हैं। इस बीच चोट के बाद कमबैक कर रहे केएल राहुल टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम लखनऊ सुपर जाइंट्स के साथ जुड़ने के लिए लखनऊ पहुंच चुके हैं। कप्तान ने नए मुख्य कोच जस्टिन लैंगर के तहत सीजन के लिए अपना उत्साह शेयर किया। राहुल पिछले साल चोट के कारण आईपील से लगभग बाहर रहे। बुधवार को फ्लाइट लेट होने के कारण अभ्यास मैच के बाद टीम से जुड़े। उन्होंने सोशल मीडिया पर लखनऊ से लैंगर के साथ एक फोटो शेयर की, जिसमें कप्तान ने लिखा, नए युग की शुभ सुबह! लैंगर पहले ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टीम के कोच रह चुके हैं। उन्हें इस सीजन में लखनऊ टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। उन्होंने टीम में एंडी फ्लावर की जगह ली, जिनका फ्रेंचाइजी के साथ दो साल का अनुबंध आईपीएल 2023 सीजन के बाद समाप्त हो गया था।



2022 में आईपीएल में डेब्यू करने के बाद, फ्लावर के मार्गदर्शन में दो बार अंक तालिका में लखनऊ तीसरे स्थान पर रही और प्लेऑफ में पहुंची, लेकिन वे 2022 और 2023 में एलिमिनेटर से आगे बढ़ने में विफल रहे।

### RR की स्ट्रेंथ एंड वीकनेस

## राजस्थान के पास विस्फोटक बल्लेबाजी, हेटमायर ने फिनिश को भी स्ट्रांग बनाया, टॉप क्लास ऑलराउंडर नहीं

**जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स की टीम काफी मजबूत नजर आ रही है। टीम के पास बेहद मजबूत बैटिंग लाइन है; पावर हिटर हैं और जोरदार बॉलिंग अटैक है, लेकिन टीम के पास ऑलराउंडर्स की कमी है। ऐसे में प्लेइंग-11 में कॉम्बिनेशन मुश्किल हो सकता है। राजस्थान मौजूदा सीजन में अपना पहला मुकाबला 24 मार्च को लखनऊ सुपरजायंट्स से खेलेगी। लीग के ओपनिंग सीजन में खिताब जीतने वाली टीम को अब भी दूसरे टाइटल का इंतजार है। राजस्थान ने 2022 के सीजन में फाइनल तक का सफर तय किया, लेकिन हार्दिक पंड्या की कप्तानी वाली नई नवेली टीम गुजरात टाइटंस ने टीम का सपना तोड़ दिया। पिछले सीजन में टीम 5वें नंबर पर रही थी।




### शुभम दुबे के आने से बैटिंग मजबूत, पॉवल ने फिनिशर पॉइंट परफेक्ट किया

राजस्तान रॉयल्स ने पिछली नीलामी में 14.30 करोड़ रुपए खर्च करके 5 प्लेयर्स खरीदे। हालांकि, मिनी ऑक्शन में 3 प्लेयर्स की जगह खाली रह गई। फ्रेंचाइजी ने फिनिशर रोवमन पॉवेल और अनकैप्ड शुभम दुबे को शामिल कर टीम ने बैटिंग को मजबूत कर लिया। 50 लाख के नांद्रे बर्गर ने तेज गेंदबाजी को मजबूती दी है।

राजस्थान रॉयल्स- संजू सैमसन (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, जोस बटलर, शुभम दुबे, ध्रुव जुरेल, शिमरोन हेटमायर, रोवमन पॉवेल, रविचंद्रन अश्विन, युजवेंद्र चहल, ट्रेंट बोल्ट, संदीप शर्मा और आवेश खान।

## क्या आखिरी IPL खेल रहे धोनी

### कप्तानी छोड़ने के बावजूद खेलना जारी रखेंगे; 2023 में कहा था- चेन्नई में खेलेंगे आखिरी मैच

**चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का यह आखिरी IPL हो सकता है। उन्होंने टूर्नामेंट शुरू के एक दिन पहले सभी को चौंकाया और कप्तानी छोड़ दी। ओपनिंग सेरेमनी से पहले कैप्टंस फोटोशूट में उनकी जगह ऋतुराज गायकवाड चेन्नई के कप्तान बनकर पहुंचे।**



IPL मैनेजमेंट ने कन्फर्म किया कि धोनी की जगह गायकवाड इस सीजन चेन्नई की कप्तानी करेंगे। कप्तानी छोड़ने के बावजूद धोनी खेलना जारी रखेंगे। हालांकि अब अटकलें लगाई जा रही हैं कि यह 42 साल के धोनी का आखिरी IPL सीजन हो सकता है। धोनी ने पिछले सीजन ही कह दिया था कि वह चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में करियर का आखिरी मैच खेलेंगे। पिछले सीजन चेन्नई ने अपना आखिरी मैच गुजरात के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला था। जो टूर्नामेंट का फाइनल भी था। इसे चेन्नई ने जीत तो लिया लेकिन मुकाबला चेपॉक में नहीं होने के कारण धोनी ने एक और सीजन तक टीम के साथ बने रहने का फैसला किया।

## आईपीएल में विराट कोहली के नाम दर्ज है बल्लेबाजी का खास रिकॉर्ड, डीसी के खिलाफ किया करनामा

**नईदिल्ली** । इंडियन प्रीमियर लीग 2024 का आगाज शुक्रवार को गत विजेता चेन्नई सुपरकिंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मैच से होगा।इसमें सबकी नजरें विराट कोहली और महेंद्र सिंह धोनी पर होगी। कोहली के नाम इस लीग में बल्लेबाजी का खास रिकॉर्ड दर्ज है।वह किसी एक टीम के खिलाफ शून्य पर आउट हुए बिना 1,000 से अधिक रन बनाने वाले एकमात्र बल्लेबाज हैं।ऐसे में आइए उनके और अन्य खिलाड़ियों के आंकड़े जानते हैं। कोहली ने आईपीएल इतिहास में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के खिलाफ शून्य पर आउट हुए बिना सर्वाधिक 1,030 रन बनाए हैं।इसी तरह वह सीएसके के खिलाफ इसी तरह से 985 रन की सूची में दूसरे स्कोर पर भी हैं। इस मामले में शिखर पर (907 बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स), तीसरे, केएल राहुल (867 बनाम मुंबई इंडियंस) चौथे, डेविड वार्नर (861 बनाम आरसीबी) 5वें, धोनी (839 बनाम आरसीबी) छठे और सुरेश रैना (829 बनाम केकेआर) 7वें पर हैं।



# कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने होली पर्व के मद्देनजर शांति समिति की ली बैठक

## कलेक्टर ने आमजनों को शांति एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से होली पर्व मनाने की अपील

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

होली पर्व के मद्देनजर जिले मे होलिका दहन और होली उत्सव शांतिपूर्ण ढंग से मनाये जाने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। शांति समिति की बैठक अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रमा पटेल तथा समाज प्रमुख, गणमान्य नागरिक, समिति के सदस्य और अधिकारीगण की उपस्थिति में आयोजित हुई। बैठक में शांति एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से होली पर्व मनाने की अपील की गई। बैठक में बताया गया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता प्रभावशील होने के साथ ही जिले में धारा 144 लागू है। इसलिए किसी भी पर्व को राजनैतिक रूप से ना मनाया जाए। सभी प्रकार के आयोजनों तथा रैली, जुलुस, डीजे के लिए संबंधित एसडीएम से अनुमति अनिवार्य रूप से लिया जाए। बैठक में कलेक्टर ने कहा की होली में ज्यादा से ज्यादा हर्बल रंगों का उपयोग करने के साथ ही अनावश्यक किसी पर रंग ना डाले। कलेक्टर ने पुलिस विभाग को उपद्रव, हुल्लड़बाजी, जबरन रंग डालने वालों, सड़क पर होलिका दहन करने वालों एवं तीन सवारी वाहन चलाने वालों, मुखौटा लगाकर हुटिंग करने वालों पर निगरानी रखने के साथ ही कड़ी कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए है। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने होली त्यौहार मिल.जुल कर और सदभाव के साथ मनाने का निर्णय लिया। कलेक्टर ने कहा कि यह पर्व आपसी भाईचारे का है। उन्होंने होली पर्व को शांतिपूर्वक और सुरक्षित रूप से मनाने के लिए जिलेवासियों से सहयोग की भी अपील की। बैठक में बताया गया कि होलिका दहन सुरक्षित खुले स्थानों पर ही किये जाये तथा बिजली के ट्रांसफार्मरों और तारों के नीचे होलिका दहन नहीं करने के निर्देश दिए गए। शांति समिति की बैठक में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस विभाग को लगातार पेट्रोलिंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने दमकल एवं आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था को चौकन्ना एवं मुस्तैद रहने के निर्देश दिए। चिन्हांकित स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की भी व्यवस्था करने को कहा गया है। त्योहारों के दौरान किसी भी अप्रिय घटना की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम में देने की भी अपील आमजनों से की गई। होली पर अवैध चंदा वसूली करने वालो, शराब पीकर हुडदंग करने वालों, जबरन रंग गुलाल लगाने वालों, महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी करने वालो तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार करने वालों पर भी कड़ी कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि होलिका पर्व के दौरान किसी भी तरह से लोग एक दूसरे को रंग व गुलाल लगाने में जबरदस्ती न करें। एक दूसरे के प्रति सहयोगात्मक रवैया रखें, एक दूसरे का सम्मान करें तथा पर्व सौहार्द से मनायें। सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेश के कारण माहौल न बिगड़े इसके लिए आमजन भी तत्परता दिखाते हुए अपनी जिम्मेदारी निभाएं और पुलिस व प्रशासन को इसकी तत्काल सूचना दें ताकि कानून व्यवस्था कायम कराया जा सके। होली के दिन पानी आपूर्ति की समुचित व्यवस्था करने, चिकित्सालयों में डॉक्टरों व अन्य स्टाफ की ड्यूटी तथा बिजली विभाग को विद्युत व्यवस्था बनाए रखने तथा अन्य आवश्यक कार्यों के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में शांति समिति के सदस्यों से अपील की गई कि सभी समुदाय पर्व, त्यौहार को आपस में मिलजुल कर और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं।





# एक नजर

## 12 वीं बोर्ड की व्यावसायिक परीक्षा संपन्न

### 415 परीक्षार्थी में 6 अनुपस्थित रहे

जोहार छत्तीगसढ़-रायगढ़।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट परीक्षा-2024 कक्षा 12 वीं बोर्ड परीक्षा के तहत 22 मार्च को व्यावसायिक पाठ्यक्रम विषय की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें 421 परीक्षार्थी संख्या दर्ज की गई थी। जिसमें से 415 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। 6 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिले में कहीं भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है। परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

## तीन कबाड़ियों के यहां पुलिस की दबिश

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



एसपी अंकिता शर्मा के दिशा निर्देश पर सक्ती थाना प्रभारी विवेक शर्मा ने शहर के प्रमुख कबाड़ियों के गोदामों में दबिस देकर लाखों रुपये का अवैध कबाड़ जप्त किया है। पुलिस के इस छापेमारी के बाद कबाड़ कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। दरअसल थाना प्रभारी विवेक शर्मा को मुखबिर से लगातार सूचना मिल रही थी कि सक्ती के कबाड़ियों के यहां चोरी का सामान खपाया जा रहा है मुखबिर की सूचना को तस्दीक करने के बाद तीन अलग-अलग टीम गठित कर एक ही वक्त में सफेद महल के सामने कल्लू कबाड़ी, पुरेन्हा पार के महमूद और बगबुडवा के एक कबाड़ी के गोदामों पर दबिस देकर लाखो रुपये का अवैध कबाड़ जप्त किया गया है।

## बच्चे रहे स्वस्थ: स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार शिविर आयोजित

**कोरबा** । चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए बच्चे रहे स्वस्थ योजनान्तर्गत अति शुभ पुष्य नक्षत्र मे पतंजलि चिकित्सालय निहारिका में आयुर्वेदिक इम्यूनाईजेसन प्रोग्राम के तहत स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार शिविर लगाया गया। जिसमें संस्थान के संस्थापक नाड़ीवैद्य पंडित शिव कुमार शर्मा द्वारा बच्चों को स्वर्ण बिन्दु प्राशन ड्रॉप्स पिलाकर आयुर्वेद पद्धति से टीकाकरण किया गया। स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार के बारे में संस्थान के संस्थापक नाड़ीवैद्य पंडित शिव कुमार ने बताया कि स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार से बच्चेअत्यंत बलवान एवं बुद्धिमान बनते है। अर्थात उनके बल और बुद्धि में अतिशय वृद्धि होती है। साथ ही इसका लगातार 6 माह तक नियमित सेवन करने से बच्चा ष्श्रुतधरष् अर्थात सुनकर याद रखने वाला बन जाता है। साथ ही बच्चों के स्वास्थ्य का निशुल्क चिकित्सकीय परीक्षण करने के साथ बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिये बच्चों को एवं उनके अभिभावकों को बच्चों की आयुनुसार उनके लिए उपयोगी आहार विहार के विषय मे विस्तार से बताते हुए उनके लिए उपयोगी योग प्राणायाम का भी निशुल्क प्रशिक्षण दिया। स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार में नाड़ीवैद्य पंडित शिव कुमार शर्मा के अलावा नेत्रनन्दन साहू, अश्विनी बुनकर, कमल धारिया, चक्रपाणि पांडेय, सिद्धराम साहनी, राकेश इस्पात एवं स्नेहा मिश्रा ने विशेष रूप से उपस्थित होकर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## क्षेत्र की जनता भाजपा के बहकावे में नहीं आने वाली - ज्योत्सना महंत

**कोरबा।** कोरबा लोकसभा क्षेत्रांतर्गत मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-बैकुंठपुर-झगराखंड, नागपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों में पहुंची कोरबा लोकसभा की सांसद व कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत को कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में स्थानीय जनों का अभूतपूर्व जन समर्थन मिला। सांसद ने विभिन्न स्थानों में जाकर आमजनों व महिलाओं के साथ-साथ युवाओं से भी संवाद किया और कांग्रेस के पक्ष में समर्थन मांगा। कोरबा लोकसभा की सांसद व कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत ने संसदीय क्षेत्रांतर्गत मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-बैकुंठपुर-झगराखंड, नागपुर पहुँच कर स्थानीय जनों व कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि केन्द्र की भाजपा और प्रदेश की विष्णुदेव की सरकार ने बड़े-बड़े वादे कर जनता को लुभाया है। महिलाओं को गैस सिलेंडर में 500 रुपए की सब्सिडी देने की बात कही थी लेकिन चुनाव जीतते ही 500 रुपए की सब्सिडी महिलाओं को नहीं मिली। सांसद ने कहा कि क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा व मूलभूत समस्याओं को लेकर वे सदैव सजग रहेंगी।

# वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओ के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।



समाज कल्याण विभाग एवम् जनपद पंचायत सारंगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में स्वीप अन्तर्गत मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन ग्राम पंचायत कोसीर में किया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन मतदाता का सम्मान किया गया तथा आगामी लोक सभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान के लिए उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जागरूक करते हुए शत् प्रतिशत मतदान के लिए शपथ संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर 80 से अधिक वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांग मतदाता सहित ग्रामवासियों की उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग से उप संचालक विनय तिवारी, समाज शिक्षा संगठक सुरेश कुमार राठिया, सचिव ग्राम पंचायत शोभा सिदार,समाज कल्याण तकनीकी सहायक आनंद रात्रे सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# ईडीसी एवं डाक मतपत्र से मतदान करने दिया प्रशिक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान जिले के अनिवार्य श्रेणी के मतदाताओं को ईडीसी एवं पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान की सुविधा दिलाने हेतु नियुक्त नोडल अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान की गई। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित प्रशिक्षण में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ एम एम जोशी द्वारा उपस्थित नोडल अधिकारियों को इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर दिनेश नाग, संयुक्त कलेक्टर मनोज कुमार, जिला सांख्यिकी अधिकारी मोहन सिंह कंवर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सीमा पात्रे, डिप्टी कलेक्टर तुलाराम भारद्वाज, गौतम कुमार, सभी एआरओ, पुलिस विभाग, डाक विभाग, बिजली, स्वास्थ्य सहित अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। प्रशिक्षण में बताया गया कि अनिवार्य सेवाओं में तैनात व्यक्तियों की श्रेणी में अनुपस्थित मतदाताओं के लिए चुनावी कर्तव्य प्रमाण पत्र ईडीसी एवं डाक.मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया जाएगा। सर्विस वोटिंग की सुविधा चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों.अधिकारियों, सेना या पैरा मिलिट्री से जुड़े जवानो को मिलती थी। साथ ही बिजली,पानी, रोडवेज.मेट्रो, डेयरी, फायर फाइटर, चिकित्सा शिक्षा विभाग और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को इसमें शामिल किया गया है। संबंधित विभागों द्वारा उपलब्ध कराए गए ऐसे कर्मचारियों की सूची के आधार पर ऐसे कर्मचारी जिनकी वोटिंग के दिन ड्यूटी रहेगी और वे उस दिन वोट देने से वंचित रह सकते हैं। उन्हें रिटर्निंग अधिकारी द्वारा फ ॉर्म 12.डी जारी किया जाएगा और उन्हें ईडीसी/बैलेट पेपर के जरिए वोटिंग की सुविधा फैसिलिटेशन सेंटर पर दी जाएगी।



### प्राधिकार पत्रधारी पत्रकार भी डाकमत पत्र से कर सकेंगे मतदान

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस लोकसभा निर्वाचन में प्राधिकार पत्रधारी पत्रकारों के लिए डाकमत पत्र से मतदान की सुविधा दी गई है। बताया गया कि प्राधिकार पत्र प्राप्त करने वाले पत्रकार अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करेंगे। आवेदन प्राप्त होने पर उन्हें चिन्हांकित स्थान पर डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा होगी। इस संबंध में पत्रकारों को जानकारी भी प्रदान की गई है। प्रशिक्षण में प्रेस क्लब के अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, संरक्षक कमलेश यादव, सदस्य रंजन प्रसाद, दिनेश राज, राजेश कुमार, अब्दुल असलम आदि उपस्थित थे।

# जिले में हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

सक्ती जिले में आज हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी बोर्ड की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई। जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2024 के तहत शिक्षा जिला सक्ती में 53 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। परीक्षा के सफल संचालन हेतु कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के मार्गदर्शन में परीक्षा सुचारू एवं व्यवस्थित ढंग से हो इस हेतु 05 निरीक्षण दल बनाया गया था। प्राप्त जानकारी अनुसार हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में पंजीकृत परीक्षार्थी 10 हजार 109 एवं हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा में 8 हजार 21 पंजीकृत थे। जिसमे से हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में 9 हजार 823 एवं हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा में 7 हजार 875 परीक्षार्थी शामिल हुए। सक्ती जिले में मात्र 01 अनुचित साधन के प्रकरण पाया गया। जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों के नेतृत्व में गठित दलों द्वारा भी परीक्षा केन्द्रो का सतत रूप से मॉनिटरींग किया गया। जिले में हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से संपन्न हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी एन के चंद्रा ने परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ इस हेतु परीक्षा कार्य में सहयोग के लिए सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को धन्यवाद दिया है।



# जल संरक्षण दिवस पर पानी बचाने हेतु वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने की अपील

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जल संरक्षण दिवस पर पानी बचाने हेतु वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने जारी अपील में कहा जल को प्रदूषित होने से बचाने एवं जल संरक्षण हेतु जन जागृति आवश्यक है। इस हेतु उन्होंने प्रदेश वासियों से जल संरक्षण दिवस पर प्रण लेने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा जल को व्यर्थ नहीं करना है। तभी जल संरक्षण का मार्ग प्रशस्त हो सकेगा। जल रोज मर्रा की गतिविधियों के लिए सबसे अधिक जरूरी है। जल का उचित उपयोग जल भंडार के प्रबंधन में अहम भूमिका निभाता है। इसलिए आवश्यक है कि दैनिक जीवन में जल उपयोग के तरीके में बदलाव कर भविष्य के लिए काफी मात्रा में जल बचाया जा सकता हैं। वैश्विक आकड़ों के मुताबिक दुनिया भर में 3 अरब लोग जल की वजह से दूसरे देशों में पलायन करने के लिए विवश है एवम 24 देशों के पास आपने साझा जल के उपयोग के लिए सहयोग समझौते हस्ताक्षरित है।



सार्वजनिक स्वास्थ्य समृद्धि खाद्य ऊर्जा प्रणालियां आर्थिक उत्पादकता और पर्यावरणीय अखंडता सब कुछ जल चक्र पर निर्भर है। जल संरक्षण दिवस जल संरक्षण हेतु जागरूकता पैदा करने का माध्यम है। यह तभी संभव है जब जल संरक्षण के असली महत्व को समझकर अपने अपने व्यवहारिक जीवन में शामिल करे। पानी का व्यर्थ बहाव जल संरक्षण की नींव को कमजोर करता है। जल जीवन जीने की बुनियादी आवश्यकता है। समय रहते सभी को जल संरक्षण के महत्व को समझते हुए जल संबंधी समस्याओं पर ध्यान देना है।

# लोक सभा चुनाव को लेकर मैनपाट मंडल में विधायक रामकुमार टोप्पो ने लिया भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।

**सीतापुर विधान सभा के विधायक रामकुमार टोप्पो ने आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर मैनपाट मंडल में भाजपा कार्यकर्ताओ की तीन चरणों में बैठक ली,इस बार भाजपा ने सरगुजा से लोक सभा चुनाव में चिंतामणी महाराज को प्रत्याशी के तौर पर टिकट दिया है।**







और वह लगातार क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत बनाने एवं अपने प्रत्याशी को जीताने के लिए रणनीति बना रहे हैं, इसी क्रम में मैनपाट के कमलेश्वरपुर में सीतापुर के विधायक रामकुमार टोप्पो ने बीजेपी के कार्यकर्ताओं की तीन चरणों में बैठक ली। जिसमें में मैनपाट मंडल के सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे,इस बैठक में उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओ से चुनाव में जीत को लेकर बात की साथ ही उनको अनेक रणनीतियों पर चर्चा की,उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है, आज छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार है। और केंद्र में भी पुनः मोदी सरकार को स्थापित करना है। मोदी सरकार की जन् कल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचना हमारा धर्म है,मोदी सरकार देश एवं देशवासियों की संपूर्ण समृद्धि एवं विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है,

उनके द्वारा चलाए जा रहे जनहित वाली योजनाओं को संचालित रखना अति आवश्यक है,यह तभी हो सकता है जब मोदी सरकार केंद्र में पुन स्थापित हो,यह सब आपके और हमारे मेहनत पर निर्भर करेगा,

इसलिए हमें पूरी लगन से इस काम में जुट जाना है, ताकि केंद्र में तीसरी बार मोदी सरकार भारी बहुमत से विजय होकर आए। उन्होंने कहा कि हमने विधानसभा चुनाव में लोगों से मिलकर वोट मांगा है और उनसे उनके विकास का वादा किया है, हम लोगों की समस्या को हल करने का पूर्ण प्रयास करेंगे, इसके लिए जरूरी है लोगों की समस्याओं का हमारे पास आना यदि लोग हमारे पास नहीं आ पा रहे हैं तो आज डिजिटल का जमाना है लोग व्हाट्सएप्प के थ्रू मैसेज के थ्रू हमसे अपनी समस्याओं के बारे में बता सकते हैं,हम अपने भाजपा के कार्यकर्ताओं को भी यह बता रहे थे कि वह लोगों से संपर्क करें और उनकी जो समस्याएं हैं उनको निकाल कर हमे जानकारी दे ताकि हम यथाशीघ्र उसका निराकरण कर सके।

# भाजपा के सम्मेलन में कार्यकर्ताओं में दिखा जोश, कांग्रेस नहीं जुटा सकी भीड़

## कांग्रेस का दावा विन्द्रानवागढ़ में 40 हजार का बढ़त, 2 लाख से फतह पाने भाजपा का दावा

जोहार छत्तीसगढ़-गरियाबंद।





लोकसभा चुनाव के महासंग्राम में कांग्रेस और भाजपा ने जीत के अलग-अलग दावे किये है। जहां भाजपा को बीते विन्द्रानवागढ़ विस चुनाव में हार का डर तो है पर महासमुंद लोकसभा सीट में दो लाख मतों से जीत का विश्वास भी है तो वहीं विस में ले देकर बेडा पार लगाने वाले कांग्रेस विन्द्रानवागढ़ में 40 हजार मतों की लीड का दावा कर रही है। बीते बुधवार को दोनों दलों का विस स्तरीय सम्मेलन सम्पन्न हुआ भाजपा ने मैनपुर ब्लाक के गोहरापदर में तो वहीं कांग्रेस ने देवभोग के कुर्मीवासा में सम्मेलन का आयोजन रखा था। भाजपा लोकसभा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी अपने दो दिवसीय दौरे पर विस के झरगांव, तेतलखुंटी गोहरापदर, देवभोग, झाखरपारा,बरही में जनसंपर्क किया जहां महिलाओं ने जोशीला स्वागत किया। गोहरापदर आयोजित भाजपा के विस स्तरीय सम्मेलन में युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष माखन कश्यप के अगुवाई में मोर्चा कार्यकर्ता बाईक रैली के साथ प्रत्याशी को सम्मेलन स्थल तक पहुंचाया और सम्मेलन में सैकड़ों कार्यकर्ता जोश के साथ शामिल हुये थे। भाजपा जिला उपाध्यक्ष पारस ठाकुर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रत्याशी का गजमाला से स्वागत किया तो वहीं कांग्रेस कुर्मीवासा में आयोजित अपने सम्मेलन में कार्यकर्ता नहीं जुटा सकी। महज दो से ढाई सौ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में विस स्तरीय सम्मेलन निपट गया।

### भाजपा के सम्मेलन में मंत्री टंकराम ने कहा मोदी की गारंटी को भाजपा ने पूरा किया

भाजपा के सम्मेलन में छग के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने जहां छग के सांस्कृतिक गीत गाकर शमां बांध लिया वहीं भाजपा प्रत्याशी पक्ष में वोट मांगा। मंत्री ने सवालों का जबाव देते हुये कहा भाजपा महासमुंद लोकसभा सीट को दो लाख से अधिक वोट के अंतर से जीतेगी। मोदी की गारंटी को हमने पूरा किया है और आगे भी डबल इंजन की सरकार छग के विकास के लिये काम करेगी। सम्मेलन में उपस्थित कार्यकर्ताओं से अपील करते हुये कहा प्रतिनिधि चुनकर भेजे विकास की गारंटी पीएम मोदी और राज्य सरकार की है।

### मेरी पहचान कमल फुल मैं क्षेत्र के विकास के लिये काम करूंगी-रूपकुमारी

भाजपा लोकसभा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी ने सम्मेलन को ओड़िया और छत्तीसगढ़ी बोली मैं संबोधित करते हुए कहा मैं क्षेत्र के लिये नयी नहीं हूं मेरी पहचान कमल का फु ल है उन्होंने हाथ जोड़कर कहा मुझे प्रतिनिधि बना कर भेजे मैं विकास के लिये काम करूंगी। अपने दो दिवसीय दौरे में भाजपा प्रत्याशी कुछ समाज प्रमुखों से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया।

### कांग्रेस और भाजपा के सम्मेलन में कौन कौन हुये शामिल

गोहरापदर में भाजपा के सम्मेलन में प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी के अलावा छग के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा संभागीय सहसंयोजक जगन्नाथ पाणिग्राही, लोकसभा सहसंयोजक संतोष उपाध्याय,विस प्रभारी महेन्द्र पंडित के अलावा दो पूर्व विधायक गोवर्धन मांझी व डमरूधर पुजारी जिला अध्यक्ष राजेश साहू अनिल चंद्राकर पुनित सिंहा पारस ठाकुर सहित सभी बुथ मण्डल और जिला के पदाधिकारी शामिल हुये तो वहीं कांग्रेस के कुर्मीवासा के सम्मेलन में क्षेत्रीय विधायक जनक ध्रुव, खल्लारी विधायक द्वारिका प्रसाद यादव पीसीसी नेता विनोद तिवारी सहित जिला अध्यक्ष भाव सिंह साहू प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### 23 कांग्रेसियों ने थामा भाजपा का दामन तो मंत्री टंकराम ने ली चुटकी

भाजपा के विस स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में गोहरापदर और देवभोग मण्डल के 23 कांग्रेसियों ने भाजपा का दामन थाम लिया जिसमें सिहारलिटी धारनीधोडा के 19 गुरजीभांठा के 2 और डुमरपीटा के 2 लोग शामिल थे। कहां जाता है भाजपा का दामन थामने वाले लोग परम्परागत कांग्रेसी थे।

## एक नजर

### जोबी चौकी में हुई शांति समिति की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-खरसिया।



पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चौकी जोबी में चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक आशिक रात्रे के द्वारा होली शांति समिति के संबंध में जनप्रतिनिधियों,ग्रामीणजनों, पंच,सरपंच व कोटवार लोगों के साथ मीटिंग लिया गया। होली को शांति पूर्व मानाने डीजे न बजाने, रोड में अनावश्यक चंदा न मांगने, जबरन महिलाओं को रंग गुलाल न लगाने होली में कालिख व कीचड़ का उपयोग न करने शराब पीकर वाहन ना चलाने व रात्रि में 10 बजे से पहले होलिका दहन करने के संबंध में चर्चा कर समझाईस दी गई गई। पुलिस के साथ कुछ भी सूचनाओं का त्वरित अदान प्रदान के संबंध में चर्चा की गई।

### जिले में जीरो प्रतिशत शॉर्टेज से धान का उठाव हुआ पूर्ण

धान उठाव में जिला राज्य में तीसरे स्थान पर

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023.24 में उपार्जित किए गए संपूर्ण धान का उठाव शून्य 0 प्रतिशत शॉर्टेज के साथ पूर्ण कर लिया गया है। जिला विपणन अधिकारी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि कोरबा जिला राज्य में खरीदी किए गए धान का निराकरण करने वाला तीसरा जिला है। धान खरीदी से संबंधित सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों के प्रयासों से जिला लगातार ग्यारह वर्षो से 0 प्रतिशत शॉर्टेज पर धान उठाव करने में सफल रहा है। गौरतलब है कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में कोरबा जिले के 41 सहकारी समितियों के 65 केन्द्रों के माध्यम से धान का उपार्जन किया गया। जिले के 43,412 किसानों द्वारा कुल 2,86,733.16 मिट्रिक टन धान का विक्रय किया गया। 3 माह तक चलने वाले धान तिहार को किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए 4 दिवस के लिए बढ़ाया गया। इस दौरान धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से जारी रहा तथा किसानों से व्यवस्थित रूप से खरीदी की गई है।

### ठेका श्रमिकों और महिला संगठन की सदस्यों ने ली मतदान करने की शपथ

कटघोरा, हरदीबाजार, दीपका कॉलेज में प्रतियोगिताओं के माध्यम से मतदान करने किया गया प्रेरित

**कोरबा** । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के निर्देशन में मतदाताओं को जागरूक करने जिले में स्वीप की गतिविधियां जारी हैं। इसी कड़ी में गुरूवार को शासकीय मुकुटधर पाण्डेय महाविद्यालय कटघोरा में प्राचार्य डॉ. एम. एम. जोशी के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम चलाया गया। छात्र-छात्राओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। शासकीय महाविद्यालय दीपका में स्लोगन प्रतियोगिता के माध्यम से युवा मतदाताओं को मतदान का महत्व बताते हुए रोचक नारों के साथ मतदान में शामिल होने प्रेरित किया गया। इसी तरह विद्यार्थियों की मानव श्रृंखला बनाकर, पोस्टर के माध्यम से मतदान का महत्व बताया गया। इसी कड़ी में शासकीय महाविद्यालय ग्राम्य भारती हरदीबाजार, मिनीमाता कन्या महाविद्यालय, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय लाफा पाली में छात्र-छात्राओं द्वारा शपथ लेकर मतदान जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया गया। लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में स्वसहायता समूह से जुड़ी महिलाओं तथा ठेका श्रमिकों ने भी मतदान का शपथ लिया। करतला ब्लॉक के मुस्कान महिला संगठन, जनपद पंचायत पाली के संगम महिला, सखी महिला समूह की महिलाओं ने शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ ली। महिलाओं ने निष्पक्ष होकर मतदान करने की शपथ ली। इसी तरह एसईसीएल कोरबा मानिकपुर खदान क्षेत्र में कार्मिक प्रबंधक श्री विनोद सिंह के दिशा-निर्देशन में सुरक्षा संदेश के साथ ही मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ठेका श्रमिकों द्वारा मतदान की शपथ ली गई। ठेका श्रमिकों को बताया गया कि लोकतंत्र में एक-एक वोट का कितना महत्व है।

# निर्वाचन के एसएसटी टीम के साथ-साथ वन पुलिस और आबकारी विभाग के जांच चौकी में की जा रही तलाशी

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के निर्देश पर आबकारी अधिकारी सोनल नेताम के नेतृत्व में जिले के भीतर और जिले के चेक पोस्टों में अवैध शराब, रूपया, कपड़े आदि की जांच की जा रही है। निर्वाचन के एसएसटी टीम के साथ साथ वनए पुलिस और आबकारी विभाग के जांच चौकी में तलाशी की जा रही है। इसी तारतम्य में बरमकेला तहसील के ओडिशा बॉर्डर पर स्थित डोंगरीपाली जांच चौकी में आबकारी विभाग द्वारा ओडिशा से आने वाली वाहनो की आकस्मिक जांच जारी है। इसी प्रकार वन विभाग के जांच चौकी भोगडीह, तेंदूभाटा, जैतपुर घाट, मंडलपुर, सालिहाघाट, टुंडरी, बिलाईगढ़, कोलडीपा, भंडोरा आदि में जांच जारी है। सारंगढ़ क्षेत्र में वन विभाग का दानसरा बेरियर में जांच जारी है।



# पहली बार मतदाता बनी नव वधुओं का किया सम्मान, शत् प्रतिशत् मतदान के लिए शपथ

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।





मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास,पंचायत विभाग एवं शिक्षा विभाग द्वारा नव वधुओं का सम्मान समारोह का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित एमडीव्ही स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में किया गया। जिसमें कलेक्टर केएल चैहान ने 15 नव वधुओं को उपहार भेंटकर उनका सम्मान किया। साथ ही शत् प्रतिशत् मतदान के लिए शपथ भी दिलाया। कलेक्टर चौहान ने सभी नव वधुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी अनिवार्य रूप से अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य जुड़वा, एवं मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। इस मौके पर आकर्षक रंगोली का भी निर्माण किया गया साथ ही सेल्फी जोन में नव वधुओं ने सेल्फ ी लेकर शत् प्रतिशत् मतदान के लिए लोगों को जागरूक किया। इस दौरान स्वीप नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, सहायक कलेक्टर नम्रता चौबे,जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास टीके जाटवर,आदित्य शर्मा, जनपद सीईओ एमएल मण्डावी, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र कुमार टंडन, एबीईओ कैलाश साह, एडीईओ इन्द्रदेव वर्मा सहित बड़ी संख्या में महिला विकास के अधिकारी कर्मचारी एवं अन्य महिलाएं उपस्थित रही। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान कराने के लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा स्वीप कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को शत् प्रतिशत् मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है।



# होली को लेकर शांति समिति की हुई बैठक संपन्न

## हुडदंगियों और शराबियों पर की होगी कार्यवाही



जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।

होली पर्व को देखते हुए थाना लैलूंगा परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में तहसीलदार शिवम पांडे एवं थाना प्रभारी लैलूंगा राजेश जांगड़े उपस्थिति थे। बैठक को संबोधित करते हुए तहसीलदार ने कहा कि होली पर्व आपसी सौहार्द से मनाये। उन्होंने कहा कि हुड़दंगियों पर विशेष नजर रहेगी। साथ ही अभी लोकसभा चुनाव का आचार संहिता को ध्यान देते उसका पालन करें। होलिका दहन पर विशेष सावधानी रखने की बात कही, थाना प्रभारी लैलूंगा ने कहा कि शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस गश्त रहेगी। होली गाना पर अभद्र गाना का प्रस्तुती अधिक आवाज में डीजे बजाना और नशाखोरी पर कार्रवाई करने की बात कही। उक्त बैठक में नगर के समाज प्रमुख पदाधिकारी, व्यापारी, गणमान्य नागरिक व पत्रकार उपस्थित थे।



# नुक्कड़,नाटक के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।






कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी व सीईओ जिला पंचायत संबित मिश्रा के निर्देशन में शासकीय इंजीनियरिंग विश्वेश्वरैया स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोरबा के प्राचार्य डॉ.साधना खरे तथा शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कोरबा के प्राचार्य राम हरिशरण के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत स्वीप इकाई द्वारा आगामी चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुये कोरबा शहर के बुधवारी बाजार परिसर में स्वीप नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें आम नागरिकों के बीच अनिवार्य मतदान का संदेश देते हुए उनसे मतदान में शत-प्रतिशत भाग लेने हेतु शपथ दिलाई गई। शासकीय ईवीपीजी कॉलेज तथा डाईट संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में विद्यार्थियों ने आगामी चुनाव के प्रति लोगों को सजग रहने, अनिवार्य एवं निष्पक्ष मतदान करने, प्रलोभन विहीन एवं भयमुक्त होकर सही व्यक्ति का चुनाव, मतदान प्रतिशत में वृद्धि आदि उद्देश्यों को ध्यान में रखकर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया और उपस्थित मतदाताओं से आग्रह किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजनों को 07 मई मतदान के दिन को ना भूलकर, अनिवार्य रूप से निष्पक्ष मतदान को प्राथमिकता देने तथा आस-पास के अन्य लोगों को भी वोट देने के लिए प्रेरित किया गया। महाविद्यालय के स्वीप नोडल अधिकारी एवं प्राणीशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष बलराम कुर्रे ने उपस्थित मतदाता को बताया कि मतदान एक महादान है, हमारा एक वोट प्रत्याशी का भाग्य का बदल सकता है,प्रत्येक वोट का महत्व है, इसलिए हमें एक शिक्षित एवं जागरूक मतदाता बनकर अपना वोट देकर चुनाव आयोग के कार्य में सहभागिता देनी है। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कोरबा के व्याख्याता एवं स्वीप नोडल अधिकारी गौरव शर्मा ने संदेश देते हुए मतदाताओं से अपील किया कि चुनाव में एक-एक वोट महत्वपूर्ण होता है, एक वोट हमारा भाग्य बदल सकता है, इसलिये मतदान के दिन सब कार्यों में पहली प्राथमिकता मतदान को देना है एवं अनिवार्य रूप से मतदान करने जाना है। महाविद्यालय के गृहविज्ञान के विभागाध्यक्ष एवं एनएसएस अधिकारीअजय पटेल ने कहा कि हर मतदाता अपने बच्चे और परिवार के उज्जवल भविष्य को ध्यान में रखकर मतदान करें। हर एक वोट से देश की दशा और दिशा बदल सकती है इसलिए समय निकालकर मतदान के दिन अवश्य मतदान करें। महाविद्यालय के संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष कन्हैया सिंह कंवर ने जन समुदाय से अपील किया कि मतदाता राष्ट्र का भाग्य निर्माता होते है, हमारा एक वोट सही व्यक्ति के चुनाव में महत्वपूर्ण होता है और यही सही व्यक्ति समाज एवं देश को विकास के पथ पर अग्रसर करता है इसलिए हमें मतदान के दिन अवश्य रूप से वोट देना है, दूसरों को वोट देने के लिये जागरूक करना है एवं यथा संभव वरिष्ठ एवं दिव्यांग जन की सहायता करना है।

# महिला मोर्चा ने की धरमजयगढ़ थाना प्रभारी से कई मुद्दों पर चर्चा, गुलाल लगाकर दी होली की शुभकामनाएं

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

धरमजयगढ़ में महिलाओं पर प्रताड़ना और हिंसा के मामले बढ़ते जा रहा। जिसके खिलाफ आज धरमजयगढ़ के महिला मोर्चा की कई पदाधिकारी और कार्यकर्त्ता धरमजयगढ़ थाना प्रभारी कमला पुसाम से मिलकर इस गंभीर विषय पर चर्चा किए। जिसमें सबसे अहम् मुद्दा यह था की वर्तमान में महिलाओं के साथ कई जगह समाज में भेदभाव हो रहा और उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है।





आज के आधुनिक युग में अभी भी गावों की महिलाएं पिछड़ रही हैं। समाज में लोगों की मानसिकता उन्हें आगे बढ़ने से रोक रही है, और यही मानसिकता महिलाओं के साथ प्रताड़ना का कारण बनता है। जिसके खिलाफ आज जिला महिला मोर्चा महामंत्री वीणा विश्वास, राशि बाई राठिया, लक्ष्मी राठिया, लवीना यादव व अन्य कार्यकर्त्ता थाना प्रभारी से मुलाकात की। सर्वप्रथम धरमजयगढ़ में नये पदस्थ थाना प्रभारी का महिलाओं द्वारा गुलदस्ते से स्वागत किया गया जिसके बाद उनसे कई मामलों पर चर्चा हुई जहां प्रभारी कमला पुसाम ने महिलाओं को बताये कि अगर ऐसी कोई भी घटना महिलाओं के साथ घटित होती है तब ऐसे मामलों पर प्राथमिकता से कार्यवाही की जायेगी और दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही होगी। जिसके बाद सभी महिलाओ ने थाना प्रभारी को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

## शासकीय ईव्हीपीजी महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कोरबा** । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के युवा, बुजुर्ग, महिला, पुरूष सहित स्कूल-कॉलेजों के सभी छात्र-छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु नुक्कड़-नाटक, रैली, नारा-लेखन, निबंध, भाषण, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में शासकीय इंजीनियर विश्वेश्वरैया स्नातकोत्तर महाविद्यालय (ईव्हीपीजी) कोरबा में महाविद्यालय के प्राचार्य के मार्गदर्शन में गुरूवार को मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत स्वीप नारा लेखन (स्वीप सांग) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वीप नारा लेखन प्रतियोगिता में छात्रा श्वेता कोसले ने प्रथम स्थान, छात्रा सरोजनी साहू ने द्वितीय स्थान एवं गीतिका यादव एवं काजल कोसले ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। युवा हो तुम देश की शान, उठो जागो और करो मतदान। देश के विकास में दे अपना योगदान, हर हाल में करना अपना मतदान। एक मतदान में है इतनी शक्ति, नींव रखें जो अच्छे जीवन की। हर घर जाकर यही बताना, मतदान का लक्ष्य समझाना। जागो-जागो हे मतदाता, तुम भारत के भाग्य विधाता। हम सब ने यह ठाना है, मतदाताओं को मतदान दिलवाना है। इस प्रकार विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता के माध्यम से स्वीप नारा लिखकर मतदाता जागरूकता का संदेश प्रसारित किया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्या डॉ. श्रीमती रेणु बाला शर्मा ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकों को लोकसभा चुनाव में अनिवार्य मतदान हेतु शपथ दिलाई।

## होली त्यौहार को लेकर थाने में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।




पत्थलगांव थाने में शुक्रवार को रंग,गुलाल,अबीर और भाईचारे के प्रतीक कहे जाने वाला त्यौहार होली को लेकर पत्थलगांव थाने में शांति समिति के बैठक रखी गई। जिसमें एसडीएम आकांक्षा त्रिपाठी के अध्यक्षता में तहसीलदार, थाना प्रभारी एवम गणमान्य नागरिक सहित पत्रकार बंधु मौजूद रहे। इस बैठक के उद्धय शांतिपूर्ण तरीके से रंग त्योहार होली मनाये जाने को लेकर विचार रखे गए इस दौरान लोगों ने हुड़दंग कर क्षेत्र का माहौल बिगाड़ने वालों से सख्ती से निबटने पर अपनी सहमति दी। थानाप्रभारी चंद्राकर ने लोगों को आचार संहिता से अवगत कराते हुवे कहा कि थाना क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से होली व रमजान महीने को मनाए जाने को लेकर आज शांति समिति सदस्यों की बैठक आयोजित की गयी है। जहां सभी समुदाय के लोगों ने अपनी अपनी बात रखी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे एसडीएम ने कहा कि होली आपसी भाईचारे का पर्व है। आप सभी मिलजुल कर आपसी सहमति से एक दूसरे को रंग व गुलाल लगाये। जिससे पर्व में माहौल न बिगड़े। उन्होंने कहा कि होली रंगों का त्योहार है, सभी लोग आपस में खुशियां बांटते हुए सादगी से पर्व मनायें। थानाप्रभारी ने बताया कि होली के दौरान विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए क्षेत्र में गश्ती तेज की जायेगी और चौक-चौराहों पर अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती भी की जायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस आपकी सेवा में 24 घंटे उपलब्ध है।

## प्रकाशित खबर के बाद प्रशासन ने एसडीएम को जांच के दिए आदेश

बलौदाबाजार-जोहार छत्तीसगढ़।

बलौदाबाजार भाटापारा जिले में एक बार फिर जोहार छत्तीसगढ़ की खबर का असर देखने को मिला है।

जोहार छत्तीसगढ़ अखबार ने शौचालय निर्माण में हुए भ्रष्टाचार को प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया गया था। जिस पर जिला कलेक्टर द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए बलौदाबाजार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को पुरे मामले को जांच कर 7 दिवस के भीतर जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को निर्देश दिया है। जब हमारे संवाददाता ने मामले में तरत्परता दिखाते हुए ग्राऊंड लेवल में जाकर ग्राम पंचायत की यथावस्तु के अनुसार खबर समाचार किया गया जिस पर जिला प्रशासन की नजर पड़ी और गंभीरता लेते हुए जांच कराने के लिए अधिकारी नियुक्त किया गया। इससे स्पष्ट है कि जिले के कलेक्टर की संवेदनाशीलता नजर आ रहे हैं। जब से जिले के कलेक्टर पदभार संभाला है निलंबित, नोटिस सुधार इत्यादि कार्यवाही प्रशासनिक कसावट की प्रगति को दर्शाता है। क्या था मामला




सरकार ने गांवों में सामुदायिक शौचालय इसलिए बनवाए थे। कि कोई भी ग्रामीण खुले में शौच न जाए। लेकिन कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही सरकार की इस योजना को पलीता लगा रही है। ग्राम पंचायत भरसेला बड़ा में एसबीएम 15वें वित्त एवं मनरेगा मद से 3 लाख 50 हजार रुपये खर्च कर सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया था। आरोप है कि भ्रष्टाचार के चलते इसमे घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया। बता दें कि अभी तक यह शौचालय सही प्रकार से चालू भी नहीं हो सका था। लेकिन भ्रष्टाचार की नींव पर रखी इस शौचालय की दीवारे कुछ समय बाद ही दरक गई हैं। जिससे यहां से गुजरने वाले लोग इस शौचालय को देखकर सरकार की योजनाओं का मजाक उड़ा रहे हैं। सरकार की सामुदायिक शौचालयों की योजना मात्र कागजों में ही सिमट कर रह गई हैं।

## एक नजर

## दिव्यांग मतदाता संजय पटेल ने दिलाया सामूहिक शपथ

बरमकेला में होली स्वीप महोत्सव अभियान संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।




आगामी लोक सभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान के लिए कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू और स्वीप नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान के मार्गदर्शन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री प्रज्ञा यादव के नेतृत्व में बरमकेला इंद्रप्रस्थ स्टेडियम में सारंगढ़.बिलाईगढ़ का मान शत प्रतिशत मतदान थीम पर होली स्वीप महोत्सव का आयोजन किया गयाए जिसमें मतदाता जागरूकता हेतु रैली और शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित दिव्यांग मतदाता संजय पटेल द्वारा उपस्थित सभी लोगों को मतदान करने हेतु शपथ दिलाया गया। साथ ही दिव्यांग वोटर और 80 वर्ष से अधिक उम्र के वोटर्स को श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। मतदाता जागरूकता हेतु आयोजित रैली में लगभग 500 की संख्या में बिहान समूह की महिलाएं रोजगार सहायक, सचिवगण, जनपद के स्टाफ और अन्य नागरिकगण उपस्थित हुए। महिलाओं द्वारा नागरिकों से शतप्रतिशत मतदान की अपील करते हुए हम महिलाओं ने ठाना है, शत प्रतिशत मतदान करवाना है के नारे का वाचन किया गया। कार्यक्रम में परियोजना निर्देशक हरिशंकर चौहान, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री प्रज्ञा यादव, एनआरएलएम कैडर,रोजगार सहायक, सचिवगण, जनपद के समस्त स्टाफ और अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।

## शांति एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से होली, ईद, गुड फ्राइडे एवं रामनवमी मनाने की अपील

**कोरबा** । जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक गुरूवार को कलेक्टोरेट सभा कक्ष में कलेक्टर श्री अजीत वसंत के निर्देशन में तथा अपर कलेक्टर श्री दिनेश कुमार नाग, श्री अनुपम तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री यू. बी. एस. चैहान तथा समिति के सदस्य की उपस्थिति में आयोजित हुई। बैठक में कोरबा जिले के परंपरा अनुरूप शांति एवं सौहार्द पूर्ण तरीके से होली पर्व, ईद-उल-फित्तर, रामनवमी तथा गुड फ्राइडे मनाने की अपील की गई। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता प्रभावशील होने के साथ ही धारा 144 लागू है। किसी भी पर्व को राजनैतिक रूप से ना मनाया जाए। सभी प्रकार के आयोजनों तथा रैली, जुलुस, डीजे के लिए संबंधित एसडीएम से अनुमति अनिवार्य रूप से लिया जाए। होली में हर्बल रंगों का उपयोग करने के साथ ही अनावश्यक किसी पर रंग ना डाला जाए। उपद्रव, हुल्लड़बाजी, जबरन रंग डालने वालों, सड़क पर होलिका दहन करने वालों एवं तीन सवारी वाहन चलाने वालों, मुखौटा लगाकर हुटिंग करने वालों पर निगरानी रखने के साथ ही कड़ी कार्यवाही की जाए। कलेक्टोरेट सभा कक्ष में आयोजित बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने होली त्यौहार मिल-जुल कर और सदभाव के साथ मनाने का निर्णय लिया। अपर कलेक्टर ने कहा कि यह पर्व आपसी भाईचारे का है। उन्होंने इन सभी पर्वों को शांतिपूर्वक और सुरक्षित रूप से मनाने के लिए जिलेवासियों से सहयोग की भी अपेक्षा की है। इस बैठक में समाज प्रमुख, गणमान्य नागरिक और अधिकारीगण शामिल हुए। बैठक में बताया गया कि 24 मार्च को होलिका दहन खुले स्थानों पर ही किया जा सकेगा। बिजली के ट्रांसफार्मरों और तारों के नीचे होलिका दहन नहीं करने के निर्देश दिए। शांति समिति की बैठक में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस विभाग को लगातार पैट्रोलिंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। दमकल एवं आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था को चैकन्ना एवं मुस्तैद रहने के निर्देश दिए। चिन्हांकित स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की व्यवस्था करने को कहा गया है। त्यौहारों के दौरान किसी भी अप्रिय घटना की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम में देने की भी अपील आमजनों से की गई है।

## `बाईक सवार को पीछे से मारी टक्कर, एक की मौत दूसरा घायल

जोहार छत्तीसगढ़-कूड़ेकेला।

अज्ञात वाहन के टक्कर से दो बाइक सवार हुआ घायल एक की हॉस्पिटल लाते समय मौत तो दूसरे को रायगढ़ रिफर किया गया। जिसकी स्थिति गंभीर बताया जा रहा है मौके से वाहन हुआ फ रार मामला की छाल थाना द्वारा किया जा रहा है जांच घायल ग्रामीण बंगरसूता निवासी गजेंद्र राठिया 55 चन्द्रसाय और नंदलाल पुरोहित 45 परमात्मा पुरोहित के रूप में हुई है,



दोनों को उपचार के लिए छाल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया वही आगे की कार्यवाही में छाल पुलिस जुट गई है। घटना धरमजयगढ़ खरसिया मुख्य मार्ग की है जहां करीब 11 बजे जब बंगरसुता निवासी अपने बाइक में सवार होकर हाटी की तरफ जा रहे थे कि कूड़ेकेला जंगल दाबा के पास पीछे से तेज रफ्तात टेलर ने बाइक को ठोकर मार दिया। जिससे दोनों बाइक से गिर गये एक सवारी रोड से 10 मीटर दूर छिटक गया दोनों की हालत गंभीर दोनों को तात्कालिक उपचार के लिए छाल हॉस्पिटल लाया गया जहां गजेंद्र राठिया की हॉस्पिटल लाते समय मौत हो गई वही नन्द लाल पुरोहित की गंभीर स्थिति देख रायगढ़ रिफ र किया गया जिसकी स्थिति बहुत गंभीर बताई गई सुचना मिलते ही छाल पुलिस पहुंचकर घटना की जांच कर रहे हैं।

## खरसिया नगर मंडल 105 एवं चपले मंडल में 200 लोगों से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा में किया प्रवेश

जोहार छत्तीसगढ़-खरसिया।

छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय मुख्यमंत्री विष्णु साय की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय का आगमन खरसिया विधानसभा क्षेत्र के खरसिया नगर मंडल के तुरी भाटा एवं चपले मंडल के चपले में हुआ।




साथ में उनकी विशेष सहयोगी भी साथ में रही। इस खास अवसर पर खरसिया के कांग्रेस नेता 105 एवं चपले में 200 से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विश्व के सबसे बड़ी लोकतांत्रिक राजनैतिक पार्टी व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गारंटी व सीएम विष्णु देव साय के जनकल्याणकारी कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा में प्रवेश किया। इस अवसर पर लोकप्रिय मुख्यमंत्री विष्णु साय की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय ने संतोष राठौर इत्यादि को गमछा पहनाकर भाजपा में प्रवेश करवाया। इस अवसर पर कौशल्या साय ने सीएम साहब के द्वारा सभी वादों को पूरा करते हुए नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूरा करने की बात कही। अबकी बार 400 पार का नारा देते हुए रायगढ़ लोकसभा के भाजपा के लोकप्रिय प्रत्यासी राधे श्याम राठिया के लिए अपना बहुमूल्य वोट मांगा और तीसरी बार पुन: नरेन्द्र मोदी की सरकार बनाने की अपील की। इस अवसर पर

महेश साहू, कमल गर्ग, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र पालू राठौर, सतीश अग्रवाल, कैलाश जायसवाल, पुरुषोत्तम पटेल, विजय शर्मा,राधे राठौर,छेदू राठिया,खेम साहू, टिकेश डनसेना,उमाशंकर शर्मा,जयप्रकाश डनसेना, मनीष रावलान, छोटे लाल पटेल, दिनेश नायडू, रामाधार गबेल,दिनेश पटेल, नूतन पटेल, संजय शर्मा, भूपेन्द्र वर्मा,परखीत डनसेना, अर्जुन डनसेना, श्याम सुंदर पटेल, हरिनारायण पटेल,किशन डनसेना,हरिओम,अमित साहू, विनोद अग्रवाल, मोहन मित्तल,चितावर सिदार, लखेश्वर चौहान, वकील राजेन्द्र डनसेना,सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता कार्यकर्ता, पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in